CMYK

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 238 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 25 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



परिसीमन, महिला आरक्षण को लेकर सोनिया गांधी ने सरकार पर साधा निशाना पेज 2



आईपीएल 2026: बेहतरीन प्रदर्शन से पर्पल कैप पर प्रसिद्ध कृष्णा का कब्जा खेल टाइम्स



आखिर सुनी गई आधी आबादी की आवाज सम्पादकीय



ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी में शामिल नहीं होगा: स्टार्मर पेज 12

# खाड़ी से ओमान तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा

## अमेरिका के ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के ऐलान की धमकी पर ईरान ने किया पलटवार

तेहरान, वार्ता

- तेहरान ने ट्रम्प के बयान को अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया
- कहा: ये तो समुद्री डकैती के बराबर





**ईरान- अमेरिका** के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी का ऐलान कर दिया है। इसके जवाब में ईरान ने सख्त चेतावनी दी। ईरान की सेना ने कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, तो फारस की खाड़ी से लेकर ओमान सागर तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इस बयान के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

अमेरिका ने साफ किया है कि वह तय समय से ईरान के सभी बंदरगाहों पर आने-जाने वाले जहाजों को रोकने की कार्रवाई शुरू करेगा। यह फैसला उस समय लिया गया है जब दोनों देशों के बीच पाकिस्तान में हुई बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। अमेरिका का कहना है कि यह कदम ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। वहीं, ईरान ने इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया और कहा कि ये तो समुद्री डकैती के बराबर है। ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड ने साफ कहा है कि समुद्री सुरक्षा सभी के लिए समान होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान के बंदरगाहों को खतरा हुआ, तो पूरे क्षेत्र में किसी भी देश का बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने यह भी संकेत दिया है कि किसी भी सैन्य जहाज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार यह नाकेबंदी सभी देशों के जहाजों पर लागू होगी। जो ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश या वहां से बाहर निकलेंगे। हालांकि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच जाने वाले जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी जाएगी।

### तेल की कीमतों में आठ प्रतिशत की वृद्धि

**मास्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हॉर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी की घोषणा के बाद वैश्विक तेल की कीमतों में आठ प्रतिशत का उछाल आया और ब्रेंट क्रूड 102 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। जून का ब्रेंट क्रूड वायदा रविवार रात (भारतीय समयानुसार सोमवार तड़के 3:31 बजे) तक पिछले बंद भाव से 7.76 प्रतिशत बढ़कर 102.59 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि मई का डब्ल्यूटीआई- वायदा 8-2 प्रतिशत बढ़कर 104.51 डॉलर पर पहुंच गया।

# भारत सरकार ने हर स्तर पर सहयोग किया: फथाली

- ईरानी राजदूत ने भारतीयों का जताया आभार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी ओर पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता के असफल रहने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं।

इसी बीच भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने एक साथ सभी पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ईरान का रुख भी साफ किया। फथाली ने सबसे पहले पहले भारत और यहां की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि संकट के समय भारतीय लोगों ने सच्चे और भरोसेमंद साथी होने का परिचय दिया। इस दौरान फथाली ने भारत सरकार का भी धन्यवाद कहा। इस संकट के समय में भारत सरकार ने जरूरी सभी व्यवस्थाएं करने में मदद की। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर सहयोग किया, जिससे हालात को संभालने में मदद मिली। उनके मुताबिक, भारत और ईरान के रिश्ते मजबूत और भरोसे पर आधारित हैं, जो संकट के समय और भी स्पष्ट हो जाते हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी के तरफ से होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी के एलान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी।

## संक्षिप्त समाचार

### खुदरा महंगाई दर मार्च में बढ़कर 3.40 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत थी। सरकार ने सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के आधार पर, मार्च में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर 3.87 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति क्रमश: 3.63 प्रतिशत और 3.11 प्रतिशत रही। हालांकि, यह मामूली उछाल तत्काल चिंता का विषय नहीं है, क्योंकि समग्र मूल्य वृद्धि अभी भी 4 प्रतिशत के सुविधाजनक और प्रबंधनीय स्तर से नीचे बनी हुई है। आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि शहरों की तुलना में गांवों में महंगाई का दबाव थोड़ा अधिक बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले शहरी इलाकों में यह दर 3.11 प्रतिशत के निचले स्तर पर रही। यह अंतर स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि गांवों और शहरों के बीच मूल्य दबाव किस प्रकार भिन्न है। घरेलू बजट में सबसे अहम भूमिका निभाने वाली खाद्य वस्तुओं की कीमतों में हल्का इजाफा देखा गया है।

### ट्रम्प की चेतावनी के बीच भारत पहुंचे ईरानी क्रूड के जहाज

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में जारी जारी है और इसी दौरान लगभग सात साल के लंबे अंतराल के बाद ईरानी कच्चे तेल की खेप भारत पहुंची है। अमेरिका की ओर से दी गई प्रतिबंधों में अस्थायी छूट के चलते करीब 40 लाख (4 मिलियन) बैरल कच्चा तेल लेकर दो सुपरटैंकर भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर पहुंचे हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब सप्ताहांत में अमेरिका-ईरान शांति वार्ता विफल हो गई है और वाशिंगटन ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी (ब्लाकेड) का ऐलान किया है। शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, नेशनल ईरानी टैंकर कंपनी द्वारा संचालित फेलिसिटी नामक एक बहुत बड़ा क्रूड कैरियर रविवार देर रात गुजरात के सिक्का तट पर लंगर डाल चुका है। इस जहाज में लगभग 20 लाख (2 मिलियन) बैरल कच्चा तेल है, जिसे मार्च के मध्य में ईरान के खार्ग द्वीप से लोड किया गया था।

# प. बंगाल में SIR से बाहर हुए लोग नहीं डाल पाएंगे वोट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**जब तक संबंधित अपीलों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक ऐसे व्यक्तियों को वोट देने की इजाजत कानून के खिलाफ होगी: सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इसी महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी घमासान चरम पर है। इसी बीच अब विशेष गहण पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने सोमवार को साफ-साफ कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के खिलाफ अपील लंबित है, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। राज्य में चल रहे एसआईआर विवाद के बीच सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला चुनावी राजनीति में बड़ा मोड़ माना जा रहा है, जिससे पार्टियों के बीच टकराव और तेज हो सकता है। अदालत ने कहा कि जब तक संबंधित अपीलों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक ऐसे व्यक्तियों को वोट देने की इजाजत देना कानूनी प्रक्रिया के खिलाफ होगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी।

### सुप्रीम कोर्ट फर्जी मतदान पर सख्त, केंद्र सरकार व चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मतदान से पहले मतदाताओं की बायोमेट्रिक और फेस रिकग्निशन पहचान लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। यह याचिका भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले पर चुनाव आयोग और केंद्र से जवाब मांगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करने के लिए नियमों में बदलाव की जरूरत होगी और इससे सरकारी खजाने पर बड़ा वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है।

### लालू प्रसाद को 'जमीन के बदले नौकरी मामले' में निचली अदालत के सामने पेश होने से छूट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद को 'जमीन के बदले नौकरी' मामले की कार्यवाही के दौरान निचली अदालत में पेश होने से छूट दे दी है। न्यायालय श्री प्रसाद की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई के मामले को चुनौती दी गई है। इसमें सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्य पूर्व मंजूरी के बिना कथित तौर पर नई पूछताछ और जांच शुरू करने के कदम को भी चुनौती दी गई है। इससे पहले 24 मार्च को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में सीबीआई की प्राथमिकी को रद्द करने से इन्कार कर दिया था। अदालत ने श्री यादव के उस तर्क को खारिज कर दिया था।



# मुजफ्फरनगर बनेगा नगर निगम

## सीएम योगी ने जनपद को दी 951 करोड़ की सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारत में जो सुरक्षा-विकास पाकिस्तान उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता: योगी
- वृहद रोजगार मेले में 951 करोड़ की 423 परियोजना का शिलान्यास किया

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ओर जहां पाकिस्तान पर तंज कसा, वहीं दूसरी ओर मुजफ्फरनगर को नगर निगम बनाने की बड़ी घोषणा कर विकास की नई दिशा तय की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पाकिस्तान आर्थिक बदहाली से जूझ रहा है और वहां के लोग बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि भारत मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में जो सुरक्षा और विकास का माहौल है, उसकी कल्पना भी पाकिस्तान में नहीं की जा सकती। उन्होंने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का स्मरण करते हुए क्षेत्र के किसानों, युवाओं और महिलाओं की भूमिका की सराहना की। उन्होंने क्षेत्र के किसानों, युवाओं और महिलाओं का स्वागत करते हुए उन्हें देश की ताकत बताया। साथ ही किसानों के हितों को राष्ट्रीय एजेंडा में स्थान दिलाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नमन किया और उनके योगदान को देश के लिए प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग प्रदेश की शांति और विकास को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन औद्योगिक अशांति फैलाने वाले ऐसे तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने मुजफ्फरनगर के विकास के लिए 951 करोड़ रुपये की 423 परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए इन परियोजनाओं में शामिल अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की भी जानकारी दी उन्होंने कहा -**शेष पृष्ठ दो पर**

### देश के इतिहास में 16, 17 और 18 अप्रैल महत्वपूर्ण: जयंत चौधरी

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोक दल के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का सपना चौधरी चरणसिंह और अटल बिहरी वाजपेयी ने 1983 में देखा था और आने वाले समय में यह गठबंधन और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पहले यूपी में क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपा नहीं है, लेकिन अब पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। कहा कि 2014 से पहले देश में स्टार्टअप पर कोई नीति नहीं थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानो की हर समस्या को समझते हैं। चौधरी ने कहा कि देश के इतिहास में 16, 17 और 18 अप्रैल महत्वपूर्ण तिथियां साबित होंगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को अधिकार दिलाने वाला ऐतिहासिक कदम है।

# नोएडा हिंसा के बाद सख्त हुई योगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मजदूर-उद्योग विवाद सुलझाने को बनी हाई लेवल कमेटी

**लखनऊ/नोएडा।** नोएडा में वेतन वृद्धि और न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मियों द्वारा हिंसक प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने तुरंत एक बड़ा कदम उठाते हुए मजदूरों और उद्योगों के बीच बढ़ते तनाव को कम करने की दिशा में पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में शांति और संतुलन बनाए रखना है।



मुजफ्फरनगर: वृहद्ध रोजगार मेले में उप्र के सीएम योगी चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए। साथ में केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी व अन्य।

### विधायिका में महिलाओं को आरक्षण 21वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में पेश किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 21वीं सदी का एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को सभी दलों ने सर्वसम्मति से पारित किया, जो महिला सशक्तिकरण के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कानून दशकों से महसूस की जा रही महिलाओं के लिए लोकतांत्रिक ढांचों में आरक्षण की आवश्यकता को पूरा करता है। पीएम मोदी ने कहा कि सभी दलों ने इसे सर्वसम्मति से पारित किया और विपक्ष ने खास तौर पर 2029 तक महिला आरक्षण कानून लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं को आरक्षण देने की आवश्यकता दशकों से महसूस की जाती रही है। उन्होंने कहा कि भारत की 'नारी शक्ति' ने देश के विकास में बड़ा योगदान दिया है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां किसी को उपदेश देने या जागरूक करने नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का आशीर्वाद लेने आया हूं।

# पीएम मोदी आज देंगे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सौगात

एस. आलम अंसारी





- प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उत्तराखंड वासियों में जबरदस्त उत्साह, लगभग 12 किमी का करेंगे रोड शो, हजारों भाजपा कार्यकर्ता और राज्यवासी करेंगे पुष्प वर्षा
- टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी करेंगे लोकार्पण
- डाट काली मंदिर में करेंगे पुजा अर्चना

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मंगलवार को अपने 28 वें दौरे पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढ़े चार साल के कार्यकाल में यह उनका 18वां दौरा होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान 11970 करोड़ की 210 किलोमीटर लंबे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना (एक्सप्रेस वे) के साथ ही, टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री अपने दौरे में डाट काली मंदिर में पूजा अर्चना भी करेंगे। प्रधानमंत्री की पूजा के लिए मंदिर को पूरी तरह सजाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर उत्तराखंड वासियों में भारी उत्साह है। प्रदेश सरकार लोकार्पण समारोह को यादगार और ऐतिहासिक बनाने की तैयारियों में जुटी है। प्रधानमंत्री देहरादून के महिंद्रा ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की गई है और इसमें अपार जन समूह के आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। कुल 1000 मेगावाट, उत्पादन क्षमता के इस प्लांट का निर्माण टीएचडीसी ने 2400 मेगावाट क्षमता के टिहरी हाईड्रो पावर काम्पलेक्स -**शेष पृष्ठ दो पर**

### पीएम मोदी के हृदय में बसता है उत्तराखंड: सीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता रहा है। उत्तराखंड उनके हृदय में बसता है। उनके दौरे को लेकर देवभूमि वासियों में भारी उत्साह है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उत्तराखंड में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दो लाख करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के लिए इस अवसर को अत्यंत -**शेष पृष्ठ दो पर**

# भाकियू ने रेंजर को सौंपा ज्ञापन

## सुरक्षा और मुआवजे की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** दो दिन पूर्व कमालपुर खाईखेड़ी में गुलदार के हमले में घायल हुई बच्ची के मामले को लेकर भाकियू (महात्मा टिकैत) के पदाधिकारियों ने आज वन क्षेत्राधिकारी रेंजर रामकुमार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि कमालपुर खाईखेड़ी निवासी अल्ताफ की पुत्री सना पर गुलदार ने हमला कर दिया था। हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। किसान यूनियन ने वन विभाग से चार प्रमुख मांगें रखीं। जिसमें गुलदार को पकड़ने के लिए गांव में तत्काल पिंजरा लगाया जाए। ग्रामीणों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। घायल बच्ची का उचित उपचार सुनिश्चित कराया जाए। पीड़ित परिवार को शासन के नियमानुसार उचित मुआवजा और आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि समय रहते कार्रवाई होने से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बनी रहेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला प्रवक्ता शहजाद मलिक, जितेंद्र हुड्डा, कपिल चौधरी, कृष्ण कुमार, विजेंद्र कुमार, बहार आलम और सूरज कुमार शामिल रहे। यह ज्ञापन वन क्षेत्राधिकारी रामकुमार को सौंपा गया। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी रामकुमार ने कहा कि गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा और प्राप्त ज्ञापन की मांगों को उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और हर संभव पीड़ित परिवार को मदद दिलाई जाएगी।

# गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से जोड़ने की मुहिम रंग लाई

## भाकियू नेता दिगंबर सिंह ने चलाया था पोस्ट कार्ड अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से जोड़ने की भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह तथा कुछ अन्य संगठनों व जनपदवासियां की मुहिम रंग ले आई है। अब गंगा एक्सप्रेस-वे का बिजनौर होकर हरिद्वार तक विस्तार होने जा रहा है। इसके लिए यूपी एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डवलमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की ओर से प्रक्रिया शुरु की गई है।

नए एलाईमेंट के अनुसार गंगा एक्सप्रेस-वे अमरोहा से बिजनौर होते हुए हरिद्वार तक जायेगा। अमरोहा के 62, बिजनौर जनपद के 117 और हरिद्वार के 25 गांव इससे जुड़ेंगे। गंगा एक्सप्रेस-वे का यह विस्तार विदुर कुटी और कण्व ऋषि आश्रम से भी टच करेगा। कुल 146.240 किलोमीटर तक यह विस्तार होगा। जिसमें यूपी के अमरोहा व बिजनौर में 116.85 किसी तथा उत्तराखंड के हरिद्वार में 29.39 किसी एक्सप्रेस-वे बनेगा। इस नए एलाईमेंट को मंजूरी मिल चुकी है। यूपीडा ने नए एलाईमेंट के तहत इस मार्ग की डीपीआर तैयार करने का काम एसए इंफ्रास्ट्रेक्चर प्रा.लि. नोएडा को सौंपा है। बता दूं कि गंगा एक्सप्रेस-वे को बिजनौर से जोड़ने की मांग को लेकर किसान नेता दिगम्बर सिंह ने जबरदस्त मुहिम चलाई थी। जिसके तहत चार लाख से अधिक पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री को भेजे गए थे। कुछ सामाजिक संगठनों ने भी मुहिम में सहयोग किया था।

### एक नजर

## यूनिवर्सल एकेडमी में विशेष असेंबली



**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में कक्षा दसवीं के छात्रों ने बैसाखी, अंबेडकर जयंती, जलियावाला बाग स्मृति दिवस पर एक विशेष असेंबली प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के महत्व को बताया। बैसाखी के अवसर पर विद्यार्थियों ने इस पर्व के सांस्कृतिक एवं कृषि महत्व को प्रस्तुत किया, जो फसल कटाई और खुशहाली का प्रतीक है। रंगारंग प्रस्तुति के माध्यम से उत्सव का उत्साह प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर एक लघु नाट्य प्रस्तुति एवं भाषण भी प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. अनुज त्यागी और उपप्रधानाचार्या श्रीमती खुशबू कर्णवाल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और सभी को इतिहास से प्रेरणा लेने तथा एकता, समानता एवं देशभक्ति के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## मामूली कहासुनी में हमला



**नहटौर।** झालू चौराहे आज शाम मामूली कहासुनी के बाद एक युवक पर बाट से हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नहटौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना सोमवार शाम करीब 5:30 बजे हुई। नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम पाली जट निवासी अनुराज झालू चौराहे पर खड़ा था। इसी दौरान उसकी कुछ युवकों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि हमलावरों ने अनुराज पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, झगड़े के दौरान एक युवक ने पास रखे बाट (वजन करने वाला पत्थर/लोहा) से अनुराज के सिर पर जोरदार प्रहार किया। सिर में गहरी चोट लगने से अनुराज लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल अनुराज को तुरंत नहटौर सीएचसी ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गई है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**कोतवाली देहात।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बेनीपुर कोपा में जलियावाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जलियांवाला बाग कांड के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने कहा कि जलियांवाला बाग में जनरल डायर द्वारा निहत्थे भारतीयों पर गोली चलवाई गई थी। इसमें हजारों निहत्थे भारतीय मारे गए थे। बैसाखी पर्व पर लगे मेले के दौरान यह घटना हुई थी। इस मौके पर जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में भानु प्रताप सिंह, लोकेश उपाध्याय, हरीराज सिंह, राजेंद्र कुमार, अरुण भारती, अवनीश कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

## बेटों ने विधवा मां को घर से निकाला

**ताजपुर।** रहमान चौक खंदक में बुजुर्ग विधवा को उनके बेटों ने कथित तौर पर मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। महिला का आरोप है कि बेटों ने जेवरात और पैसे न देने पर यह कदम उठाया। पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मरहूम अलीमुद्दीन की पत्नी खातून ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके बेटों ने दो दिन पहले रसोई की दीवार तोड़ दी और घर का सामान इधर-उधर फेंक दिया। उन्होंने खातून का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। खातून का आरोप है कि उनके बेटों और बहुओं ने उनके साथ मारपीट की। गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए घर से बाहर निकाल दिया। उनका कहना है कि चारों उनसे उनके जेवरात और पैसे मांग रहे थे, और न देने पर उन्हें बेघर कर दिया गया। पीड़िता खातून ने अपने बेटों और बहुओं की हरकतों से तंग आकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने तहरीर मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जाएगी और यदि आरोप सही पाए गए तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ग्राम उधोवाला में हुई चोरियों का खुलासा नहीं

## पुलिस की नाकामी से ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम उधोवाला में हुई चोरी का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। ग्रामीणों में पुलिस की लापरवाही देखने को मिल रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र की कासमपुर गढ़ी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम उधोवाला निवासी शिक्षक भूपेंद्र सिंह का परिवार ग्राम जिक. रीवाला में मोहित चौहान के यहां छह अप्रैल की रात जागरण में गए हुए थे। इसी रात उनके घर में चोरी हो गई। परिजनों के मुताबिक चोर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी चुराकर ले गए थे। सूचना दिए जाने के बाद अफजलगढ़ पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया था, मगर घटना के शीघ्र खुलासे के आश्वासन के बाद भी पुलिस अभी तक चोरी का कोई सुराग नहीं लगा पाई है जिसे लेकर हल्का पुलिस टीम की नाकामी से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष अफजलगढ़ से घटना के शीघ्र खुलासे की मांग की है। एसओ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि वारदात का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

# रमा जैन के वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम



मिस फेयरवैल बनी छवि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** रमा जैन कन्या महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव के मौके पर तरंग उमंगों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने फ्रेशर एवं विदाई समारोह का भी आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ हेमलता मठपाल, विशिष्ट अतिथि अनुराधा माथुर एवं शिवाली चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा विभिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो.सविता वर्मा एवं छात्राओं में झलक व प्रियांशी ने किया। डा. भावना अरोड़ा, डा. दीप्ति माहेश्वरी, डा. पूनम अग्रवाल के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में खुशी एवं प्रियांशी ने गढ़वाली नृत्य व दीक्षा ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। लामा, अदीका, मनीषा, रागुन अनम, संजना, अंजलि आदि छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रियंका ने विदाई समारोह गीत प्रस्तुत किया। मिस फ्रेशर व मिस रमा जैन के लिए विभिन्न राउंड में निर्णायक मंडल ने घोषित किया। मिस फ्रेशर के लिए इसना व सफिया रहीं। अदीबा व आयशा फर्स्ट व सेकेंड रनर अप रहीं। मिस फेयरवैल के लिए छवि का चुनाव किया गया एवं अदीबा व लायका फर्स्ट व सेकेंड रनअप रहीं। निर्णायक मंडल में हेमलता मठपाल, अनुराधा माथुर, डा. शिवाली चौहान रहीं। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सभी शिक्षिकाओं को टाइटल दिए गए। महाविद्यालय निदेशक डा. केसी मठपाल ने छात्राओं को बधाई दी तथा जीवन में मेहनत, ईमानदारी एवं दृद संकल्प के के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सविता सक्सेना, डा. रत्ना गर्ग, डा. पारूल त्यागी, रमनदीप कौर, डा. नेहा गौड़, ज्योति पाल, तबस्सुम, दीक्षा, डा. वरूण शर्मा, कु. निधि, डा. महेंद्र सिंह, अंकुर अग्रवाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# बिजनौर के बदमाशों से पता कर लेना राका का नाम

## बड़े-बड़े बदमाशों का नाम खुलवाकर दहशत बिठाने की फिराक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** विदेश में बैठा मेरठ का आकिब खान अपनी वीडियो के माध्यम से लोगों के जहन में बड़े-बड़े बदमाशों के नाम खुलवाकर आतंक बैठाने की फिराक में है।

रविवार को वायरल हुई वीडियो में जब दो युवक आपस में एक-दूसरे के संबंध में जानकारी करते हैं। बार-बार एक युवक द्वारा दूसरे से उसका पता पूछने पर बीच में आकर बोलता है और बताता है कि यह भी बिजनौर का ही है। तब युवक अपना नाम राका बताते हुए बिजनौर के कई लोगों को नामचीन बदमाश संबोधित करते हुए कहता है कि इन सबसे राका का नाम पता कर लेना।

तभी सामने से बहस कर रहा युवक कहता है कि 'राका बॉडी बिल्डर।' तभी बीच में आकिब खान अपने मुंह पर उंगली रखकर राका नाम के इस युवक को चुप रहने के लिए इशारा करता है और यह वीडियो यही खत्म हो जाती है।

# आत्मविश्वास अधिवक्ता के लिए सफलता का सूत्र




## विवेक वि.वि. में मूट कोर्ट का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, विवेक विश्वविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर के तत्वाधान में आज वार्षिक मूट कोर्ट का आयोजन हुआ। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से श्रीमती स्वाति चन्द्रा, सचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण सिंह देशवाल चीफ डिफेंस काउंसल न्यायिक अधिकारी की भूमिका मे रहे।

कार्यक्रम का प्रारम्भ न्यायिक अधिकारी स्वाति चन्द्रा द्वारा पौधारोपण करके किया गया। छात्र/छात्राओं द्वारा मर्डर केस पर प्रस्तुति दी गयी। अभियोजन पक्ष की ओर से निशा शर्मा और ईवा चौधरी मूटर्स और पलक, मानवी, खुशी एवं अमिशा रिसर्चर रहे। जबकि बचाव पक्ष की ओर से आरव गुप्ता और अन्शिका मूटर्स और मयंक, सोनाक्षी, खुशी औस संध्या रिसर्चर रहे। मुख्य अतिथि अति. सिविल जज स्वाति चन्द्रा ने छात्र/छात्राओं की प्रस्तुति को तकनीकी रुप से सही बताते हुए कहा कि इस अनुभव से वह सफल अधिवक्ता के रुप में विक. सित होगें। चीफ डिफेंस काउंसिल ने मूटर्स से प्रस्तुत मुकदमे के बारे में कई सवाल पूछे जिसका मूटर्स ने आत्मविश्वास से उत्तर दिया। डीन डा. राजीव कुमार चौधरी ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय विधि छात्र/छात्राओं को बार कांससिल ऑफ इन्डिया के मानक अनुसार इर्न्टनशिप, कोर्ट विजिट और मूट कोर्ट के माध्यम से विधि शिक्षा देने हेतु प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. पुष्पा जोशी, प्रवक्तागण डा. अरविन्द कुमार, डा. सुरेश सिंह, प्रशान्त कुमार दीक्षित, प्रमोद त्यागी, विवेक कुमार, स्वाति, प्रिया शर्मा, विक्रान्त कुमार, विशाल सिंह एवं छात्र/छात्राये उपस्थित रहे।

# दिलबाग गुटखा व पान मसालों की कालाबाजारी



## मनमाने दामों से उपभोक्ता परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में इन दिनों दिलबाग गुटखा सहित विभिन्न पान मसालों की बिक्री को लेकर अव्यवस्था और कालाबाजारी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।

बाजार में एक ही कंपनी के उत्पाद अलग-अलग दुकानों पर अलग-अलग कीमतों में बेचे जा रहे हैं। जिससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ दुकानों पर दिलबाग गुटखा और गगन गुटखा निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध है। जबकि कई दुकानदार वही उत्पाद 6 रुपए में बेच रहे हैं। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि नगर के कुछ क्षेत्रों में यही गुटखा 7 रुपए तक में बेचा जा रहा है। एक ही वस्तु के अलग-अलग दाम होने से ग्राहकों में भ्रम और असंतोष का माहौल बना हुआ है।

सूत्रों की मानें तो बाजार में कृत्रिम कमी पैदा कर कुछ जमाखोरों द्वारा गुटका व पान मसालों का स्टॉक रोककर रखा जा रहा है। मांग बढ़ने पर यही सामान अधिक दामों पर बाजार में उतारा जा रहा है। आरोप है कि थोक स्तर पर माल रोककर खुदरा बाजार में आपूर्ति सीमित कर दी जाती है। जिससे कीमतें स्वत बढ़ जाती हैं और आम जनता को महंगा सामान खरीदना पड़ता है। वहीं कई छोटे व्यापारियों का कहना है कि उन्हें भी ऊंचे दामों पर माल खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। छोटे दुकानदारों का आरोप है कि कुछ बड़े सप्लायर मनमाने रेट पर माल दे रहे हैं। जिसके कारण वे चाहकर भी निर्धारित मूल्य पर बिक्री नहीं कर पा रहे हैं। छोटे व्यापारियों का यह भी कहना है कि यदि वे अधिक दाम न रखें, तो उन्हें घाटा उठाना पड़ता है। जानकार बताते हैं कि किसी भी पैक्ड उत्पाद पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य एमआरपी से अधिक कीमत वसूलना नियमों के विरुद्ध है। इसके बावजूद बाजार में प्रभावी निगरानी न होने से कालाबाजारी और जमाखोरी को बढ़ावा मिल रहा है। नगर के जागरूक नागरिकों एवं व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद्य एवं औषधि विभाग तथा आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम बनाकर बाजार में औचक निरीक्षण कराया जाए।

साथ ही जमाखोरी करने वालों अधिक दाम वसूलने वाले दुकानदारों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि बाजार में पारदर्शिता बनी रहे और उपभोक्ताओं को निर्धारित मूल्य पर सामान उपलब्ध हो सके।

# यूपी कैबिनेट विस्तार की सुगबुगाहट तेज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 से पहले भारतीय जनता पार्टी ने संगठन और सरकार-दोनों स्तर पर बड़ा रणनीतिक बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। जल्द होने वाले संभावित कैबिनेट विस्तार को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक इस विस्तार में नए चेहरों को मौका देने के साथ कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में भेजा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक संभावित विस्तार में जिन नेताओं के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं, उनमें भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज पांडेय, पूजा पाल, अजीतपाल त्यागी और आकाश सक्सेना शामिल हैं। इसके अलावा अशोक कटारिया और अश्वनी त्यागी का नाम भी दावेदारों की सूची में मजबूत माना जा रहा है। पार्टी इन नामों के जरिए जातीय और क्षेत्रीय संत. ुलन साधने के साथ-साथ नए सामाजिक समीकरण बनाने की कोशिश में है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुजफ्फरनगर बनेगा...**


कि इससे जहां युवाओं को नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, वहीं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे पूर्व उन्होंने नगर पालिका द्वारा तैयार कराई गए देवी अहिल्याबाई स्मारक और चौराहे के सौंदर्यकरण का भी उद्घाटन किया प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नुमाइश ग्राउंड में आयोजित रोजगार मेले का अवलोकन करने के बाद विभिन्न कंपनियों में चयनित होने वाले युवाओं व बेटियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। अपने भाषण की शुरुआत भारत माता और वंदेमातरम के जयकारों के साथ कर उन्होंने उमड़ी भीड़ में खूब जोश भरा शुकतीर्थ की पवित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि पुराणकालीन परंपराओं और महाराजा शुकदेव की तपस्थली रही है, जहां जीवन के गूढ़ रहस्यों का ज्ञान दिया गया। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के विजन को रेखांकित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा में संबोधन के दौरान रोजगार और कौशल विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स और ड्रोन के साथ पारंपरिक कौशल से भी जोड़ रही है। रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और यही देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। सुरक्षा और मौजूदा कानून-व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश में सुरक्षा का माहौल स्थापित किया है, जिससे महिलाएं, व्यापारी और आम नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वैश्विक चुनौतियों के बीच भी मजबूती से खड़ा है। औद्योगिक विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां यहां के उद्योगों में ताले लगते थे, वहीं अब नए निवेश आ रहे हैं। सरकार श्रमिकों और उद्यमियों के बीच संतुलन बनाते हुए बेहतर वेतन, सामाजिक सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है। आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मानदेय की गारंटी भी लागू की गई है। उन्होंने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने श्रमिकों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाने के साथ उन्हें सुविधाएं मुहैया कराने का काम भी भाजपा सरकार में हुआ है। साथ ही आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, शिक्षामित्र और शिक्षकों और अन्य कर्मियों के लिए पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी भाजपा सरकार में दिलाने का काम किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कौशल विकास राज्यमंत्री एवं रालोद के राष्टीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, कार्यक्रम संयोजक कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, सांसद चंदन चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, लोकदल क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक, एमएलसी वन्दना वर्मा, राष्टीय लोकदल विधानसभा में नेता राजपाल बालियान, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक मदन भैया, विधायक अशरफ अली, जिला प्रभारी सूर्यप्रकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल, विक्रम सैनी, अशोक कंसल, सुशीला अग्रवाल, चेयरमैन सहकारी बैंक रामनाथ सिंह, पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, प्रदेश महासचिव उमादत्त शर्मा, रामनिवास पाल, जियाउर्रहमान, भाजपा रालोद और एनडीए के सभी सहयोगी दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पीएम मोदी...** के क्रम में किया है, जो टिहरी हाईड्रो प्रोजेकट के ऊपरी और निचले जलाशयों के बीच अतिरिक्त विद्युत उत्पादन करेगा। यह संयंत्र, भारत की ऊर्जा यात्रा में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा, टिहरी सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह की उपस्थिति रहेगी।

**पीएम मोदी के...** महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक बताया है। मुख्यमंत्री धामी जनमानस से भी इस ऐतिहासिक अवसर में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कनेक्टिविटी के क्षेत्र में क्रांति आई है। चारधाम आलवेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल परियोजना, केदारनाथ एवं हेमकुंट साहिब रोपवे परियोजना, देहरादून-दिल्ली एलिवेटेड रोड जैसी बड़ी परियोजनाओं को उन्होंने स्वीकृति दी है। आज पीएमजीएसवाई के तहत दूरदराज ग्रामीण इलाकों में सड़कों के निर्माण के साथ ही हवाई और रेल सेवाओं का विस्तार हुआ है। रोप-वे परियोजनाओं पर तेजी से काम आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के उत्तराखंड दौरे को लेकर हमेशा ही लोगों में उत्साह और उत्सव का माहौल रहता है। हर बार अपने दौरे में प्रधानमंत्री उत्तराखंड को बड़ी सौगात देकर जाते हैं।


## तलाश गुमशुदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रियंका वर्मा उम्र करीब 42 वर्ष, पत्नी स्व. श्री अमित भारद्वाज, निवासी मौहल्ला श्यामली, थाना नजीबाबाद, जनपद बिजनौर जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, दिनांक 18.03.2026 को समय करीब 3 बजे शाम को घर से बिना कुछ बताये चली गयी हैं। प्रियंका वर्मा का काफी तलाश करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। मनीषा वर्मा ने अपनी जेठानी प्रियंका वर्मा के सम्बन्ध में दिनांक 21.03.2026 को समय करीब 16.40 बजे जी.डी. संख्या 48 पर गुमशुदगी दर्ज करायी गयी है। जिस किसी भी व्यक्ति को प्रियंका वर्मा के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।



**हुलिया :** उम्र करीब 42 वर्ष, रंग गोरा, कद लगभग 160 सेमी., बदन सामान्य, बाल सफेद/काले, आंख, नाक, कान औसत हैं। घर से जाते समय गुलाबी रंग का सूट-सलवार व पैरों में नीले रंग की हवाई चप्पलें पहने है। जिस किसी को भी प्रियंका के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्न मोबाइल नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

| मनीषा वर्मा | जांचकर्ता | प्रभारी निरीक्षक |
|---|---|---|
| देवरानी | अवधेश शर्मा | थाना नजीबाबाद |
| मौहल्ला श्यामली | थाना नजीबाबाद | मो. 9454403139 |
| नजीबाबाद | मो.9412344961 | |
| जनपद बिजनौर | | |
| मो.9219828220 | | |

# अपहरण कर युवक की बेरहमी से हत्या


## पेट्रोल डालकर शव को जलाया, पहचान मिटाने की कोशिश, 3 आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अपहरण और बेरहमी से हत्या के बेहद सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। एक युवक का पहले अपहरण किया गया, फिर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। बाद में शव को पेट्रोल डालकर जला दिया गया। इस खौफनाक हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

पुलिस के अनुसार घटना आठ मार्च 2026 की है, जब मृतक इसरार अहमद निवासी नूरपुर के लापता होने की सूचना थाना धामपुर में दी थी। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। शुरुआती जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिससे पता चला कि युवक का अपहरण कर सुनियोजित तरीके से उसकी हत्या की गई है। आरोपियों ने पहले युवक को बहला-फुसलाकर



अपने कब्जे में लिया और फिर उसकी हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपियों ने सबूत मिटाने के इरादे से शव को पेट्रोल डालकर जला दिया और उसे सुनसान स्थान पर फेंक दिया, जिससे पहचान मुश्किल हो जाए। हालांकि पुलिस ने सूझबूझ और तकनीकी जांच के आधार पर पूरे मामले का खुलासा कर दिया।

पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में आसिफ उर्फ आकिब पुत्र एजाज हुसैन, शाहनवाज अहमद पुत्र अली हसन, जावेद पुत्र अली हसन शामिल हैं। तीनों आरोपी थाना धामपुर क्षेत्र के निवासी बताए जा



रहे हैं। पुलिस पूछताछ में आरो. पियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और कई अहम खुलासे किए हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किए गए कई अहम सबूत भी बरामद किए हैं, जिनमें हत्या में प्रयुक्त रस्सी, पेट्रोल रखने वाला जरी कैन, मृतक की चप्पल, हाथ का ब्रेसलेट, दो मोबाइल फोन, शामिल हैं। इन बरामदगियों से पुलिस को मामले को सुलझाने में महत्वपूर्ण मदद मिली।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है, जिसमें हत्या, अपहरण और साक्ष्य मिटाने जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस पूरे मामले के खुलासे में थाना धामपुर पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार प्रयास करते हुए मामले की गुत्थी सुलझाई और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

इस खौफनाक घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त सजा की मांग की है। धामपुर में हुई यह सनसनीखेज वारदात न केवल अपराधियों के बढ़ते हौसलों को दर्शाती है, बल्कि समाज में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है। हालांकि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मामले का खुलासा हो गया है, लेकिन अब सबकी नजर अदालत के फैसले पर टिकी है कि आरोपियों को उनके अपराध की कितनी कड़ी सजा मिलती है।

**नूरपुर संवाददाता के अनुसार** इसरार की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। जैसे ही शव मिलने की खबर मिली तो सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर कोई घटना को लेकर चर्चा करता हुआ नजर आ रहा है। इस घटना ने रिश्तों के विश्वास को झकझोर दिया। जहां पर सगा रिश्तेदार ही हत्या का आरोपी निकला। नगर में चर्चा है कि पैसों के लालचियों ने रिश्ते की अहमियत को भी शर्मसार कर दिया है। परिवार के लोग सदमे में हैं। घटना का पता चलते ही सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने मौके पर पहुंच कर परिवार की मदद करने का भरोसा दिलाया है।

उधर पुलिस अब मामले के हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है डेढ़ माह के बाद शव मिलने से नगर में सनसनी फैली हुई।

## एक नजर

### भाकियू का जोरदार धरना प्रदर्शन



**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को यूनियन के कार्यकर्ताओं ने खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। यूनियन का आरोप है कि निजी स्कूल फीस में बेतहाशा वृद्धि कर रहे हैं। इसके साथ ही, छोटी कक्षाओं के छात्रों पर भी चार से पांच हजार रुपए तक के महंगे कोर्स थोपे जा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि स्कूल ड्रेस और किताबों की खरीद को लेकर भी निजी स्कूल अपनी शर्तों पर काम कर रहे हैं, जिससे अभिभावकों में भारी आक्रोश है। यह धरना भाकियू (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश अहलावत के नेतृत्व में आयोजित किया गया। यूनियन के सदस्यों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि नियमों का उल्लंघन कर मनमानी कर रहे स्कूलों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

### तबियत बिगड़ने पर महिला की मौत



**नहटौर।** कोतवाली देहात के मौहल्ला शेखान निवासी मुकीम ने अपनी पुत्री महविश (22 वर्ष) की शादी करीब एक वर्ष पूर्व नहटौर के मौहल्ला धर्मशाला निवासी जकी के साथ की थी। आज महविश की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही मृतका के मायके वाले भी अस्पताल पहुंच गए, जहां काफी देर तक गहमा-गहमी का माहौल रहा।कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी

**स्योहारा।** पुलिस ने मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 11 अप्रैल को पूनम देवी पत्नी राकेश सिंह निवासी ग्राम मिलक बेनिराम द्वारा थाना में तहरीर दी गई थी तहरीर में आरोप लगाया गया था कि नामजद आरोपी द्वारा गाली-गलौच करते हुए मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। प्रकरण की जांच के दौरान स्योहारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी अजय कुमार पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी ग्राम मिलक बेनिराम थाना स्योहारा को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का डंडा भी बरामद किया है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल सरित एवं कांस्टेबल मनोज की विशेष भूमिका रही। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेजा जा रहा है तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है।

### ज्योतिबा फुले जयंती पर कार्यक्रम

**अफजलगढ़।** ग्राम माननगर में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। इस मौके पर शिव मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर हुआ। वक्ताओं ने उनके जीवन और समाज सुधार के क्षेत्र व उनके जीवन परिचय पर व किए गए महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले (11 अप्रैल 1827 -28 नवंबर 1890) महाराष्ट्र के एक महान भारतीय विचारक, समाज सुधारक और लेखक थे, जिन्हें भारतीय सामाजिक क्रांति का जनक माना जाता है। उन्होंने सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर महिलाओं, दलितों और पिछड़ों की शिक्षा तथा अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया और 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की। ज्योतिबा फुले ने शिक्षा, समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए अहम योगदान दिया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। वक्ताओं ने उपस्थित लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया। इस दौरान भोपाल सिंह, बलराम सिंह, नंदराम सिंह, जयप्रकाश सिंह, पीताम्बर सिंह, हरिओम सिंह, विनीत चरन सिंह, अनिल कुमार, ज्ञानचंद सिंह, शिवम सैनी, राजवीर सिंह सैनी, जौनी सैनी,भोपाल सिंह सैनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलराम सिंह ने की। संचालन वीरेंद्र सैनी ने किया।

## एक नजर

### राजेश कुमार के निधन पर शोक

**अफजलगढ़।** प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं शिक्षा प्रेमी आरके एकेडमी के संस्थापक व चेयरमैन 78 वर्षीय राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र राधेलाल का बीती रात निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका उपचार नोएडा के अस्पताल में चल रहा था। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मूल रूप से धामपुर की बड़ी मंडी निवासी राजेश कुमार अग्रवाल ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया था। उनके द्वारा स्थापित भूतपुरी स्थित आर के एकेडमी आज क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में गिनी जाती है। उनके निधन की सूचना मिलते ही विद्यालय परिवार सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों में शोक व्याप्त हो गया। आरके एकेडमी के प्रधानाचार्य एस. वी. शर्मा, ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित के. के. शर्मा, आदित्य कश्यप, खुशीराम गौतम, नत्थू सिंह सहित अनेक लोगों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा के उपरांत विद्यालय में अवकाश घोषित कर दिया गया। राजेश कुमार अग्रवाल का निधन क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है।

### सड़क किनारे छायादार वृक्ष लगाए



**अफजलगढ़।** पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्षेत्र में वन विभाग द्वारा सड़क किनारे छायादार वृक्ष लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगीना रेंज के वन कर्मियों अंकित चौहान व मुजीब खान ने करीब सौ पौधे रोपित किए। बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए इन पौधों की सिंचाई भी की जा रही है ताकि वे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। जहां एक तरफ वृक्षारोपण जैसे सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ वृक्षों की साफ सफाई व्यवस्था के लिए वन दरोगा सत्यवीर सिंह, विवेक चौधरी द्वारा हरेवली नहर पर सड़क क्षेत्र में कुछ अव्यवस्थाएं भी चिंता का विषय बनी हुई हैं। मेघपुर मोड़ पर नगर में प्रवेश करते ही फल के कचरे का ढेर लगने से वहां कूड़ाघर जैसी स्थिति बन गई है। जिससे गंदगी और दुर्गंध फैल रही है। इसके अलावा करीब में मछली का तालाब का भी धीरे-धीरे अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है, जो पर्यावरण और स्थानीय जैव विविधता के लिए चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां एक ओर हरियाली बढ़ाने के प्रयास सराहनीय हैं। वहीं साफ-सफाई और जल स्रोतों के संरक्षण पर भी समान ध्यान देने की आवश्यकता है।

### नई कार्यकारिणी का गठन



**किरतपुर।** अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जैन मंदिर चौराहा स्थित एडवोकेट क्लब कार्यालय पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अमित अग्रवाल एड. ने की। संचालन महासचिव हनुमान सिंह ने किया। जिसमें संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मौहम्मद इफ्तिखार एड. को अध्यक्ष, नवनीत गिरी एड. को महासचिव एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुददस्सिर जमा खां को चुना गया। इसके अलावा सचिव और अन्य पदाधिकारियों का भी सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में मौहम्मद फहीम एड., उबेदुर्रहमान, फुरकान, ताहिर राणा, तलत अली, उजैर, नितिन जैन, रामगोपाल सिंह, अरुण कुमार, पुनीत गोयल, फैसल अल्वी, शादाब, सुहैल, फैजान, अजय चौहान, इफ्तिखार मलिक, अनुज गिरी, आशु शर्मा, नरेंद्र सिंह एड., शंभू सिंह, मीसम अफजल नकवी, नरदेव सिंह, एहतशाम, प्रतीक अग्रवाल, अतहर जावेद सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

# जियारत भूमि पर अतिक्रमण का आरोप

## नायब तहसीलदार के नेतृत्व में गठित टीम ने मौके पर किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर की टीचर्स कॉलोनी क्षेत्र में जियारत की भूमि पर कथित अतिक्रमण को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कॉलोनी के दर्जनों निवासियों ने उप जिलाधिकारी धामपुर को पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और भूमि की पैमाइश कराने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शिकायतकर्ताओं ने अपने पत्र में बताया कि धामपुर-कालागढ़ मार्ग पर पुराने धामपुर चुंगी के पास, नैनीताल बैंक के उत्तर दिशा में स्थित धामपुर-हुसैनपुर ग्राम के गाटा संख्या 221 पर जियारत दर्ज है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मौके पर जियारत की भूमि अभिलेखों से अधिक दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि आसपास की चकरोड (रास्ते) की भूमि को भी जियारत में मिला लिया गया है, जिससे सार्वजनिक आवागमन प्रभावित हो रहा है।



शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि जियारत के पश्चिम दिशा (उत्तर से दक्षिण) तथा उत्तर दिशा (पूर्व से पश्चिम) में जो चकरोड छोड़ी गई थी, उस पर भी अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके चलते क्षेत्र में आने-जाने का रास्ता संकरा हो गया है और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जियारत की भूमि की राजस्व अभिलेखों के अनुसार पैमाइश कराई जाए और जो अतिरिक्त भूमि कब्जे में ली गई है, उसे खाली कराकर सार्वजनिक उपयोग के लिए पुनः उपलब्ध कराया जाए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम धामपुर ने राजस्व विभाग की टीम को मौके का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत नायब तहसीलदार कपिल आजाद के नेतृत्व में लेखपाल प्रभात कुमार और छत्रपाल सहित टीम ने स्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान टीम ने मौके की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित पक्षों से जानकारी जुटाई। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट शीघ्र ही एसडीएम को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान बड़ी संख्या में टीचर्स कॉलोनी के निवासी मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई। मौके पर उपस्थित लोगों में नरेश कुमार, सीता देवी, हर्ष काली, रेखा रानी, धनराज सिंह, लोकेंद्र सिंह, प्रकाश वीर, राजीव शर्मा, सुरेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, शूरवीर सिंह, चक्रेश और शिवचरण सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे।

चूंकि यह मामला धार्मिक स्थल (जियारत) से जुड़ा हुआ है और इसमें विभिन्न समुदायों की भावनाएं भी जुड़ी हैं, इसलिए प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ मामले की जांच कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जांच निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार का विवाद या तनाव उत्पन्न न हो। फिलहाल पूरे मामले में सभी की नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# कंपोजिट स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी

**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम नारायणवाला स्थित कंपोजिट स्कूल में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बेगराज सिंह ने की। शिक्षामित्र राजपाल सिंह, छात्रा संध्या, नैना व नंदनी एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापिका करुणा सिंह चौहान ने संयुक्त संचालन किया। बीडीओ मनवीर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर उ.प्र. प्रा. शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मुनीश चौहान, एआरपी अब्दुल साजिद, एआरपी नौशाद अहमद, नोडल शिक्षक विकास चौहान, ओंकार सिंह, एसएमसी अध्यक्ष लीला देवी और सदस्य सुशील कुमार भी मंचासीन रहे। स्कूल की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका करुणा सिंह चौहान सहित शिक्षक मौहम्मद ताहिर, शिक्षक संकुल दिनेश कुमार, मीना कुमारी, ज्योति रानी एवं शैलेंद्र सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। स्कूल परिवार ने मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही अतिथियों को मोमेंटो प्रदान किए गए। अपने संबोधन में बीडीओ मनवीर सिंह ने स्कूल स्टाफ की मेहनत की सराहना की। उन्होंने बच्चों से बुरी आदतें त्याग ने, मोबाइल से दूर रहने और अनुशासित रूप से शिक्षा प्राप्त कर भविष्य को उज्जवल बनाने का आह्वान किया। अन्य अतिथि शिक्षकों ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

# किरतपुर में हज तरबियती कैंप

## 100 से अधिक हज यात्रियों ने लिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद शाखा बसी किरतपुर के जेरे एहतमाम एक भव्य हज तरबियती कैंप का आयोजन मंडावर रोड स्थित आवामी इमदादी सोसायटी के हॉल में किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से लगभग 100 हाजियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर हज यात्रा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ तिलावत-ए-कुरआन और नात पाक से हुआ। जिसके बाद शहर इमाम मुफ्ती कलीम एवं जिला हज ट्रेनर मौलाना मुख्तार अहमद अंसारी ने हज के अरकान, फराइज और वाजिबात को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने हाजियों को हज के हर चरण एहराम, तवाफ, सई, अराफात में





कयाम, मुजदलिफा और जमरात की सही प्रक्रिया और उसके धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर स्टेट हज इंस्पेक्टर जियाउर्रहमान ने सरकार द्वारा हाजियों के लिए जारी गाइडलाइंस की विस्तृत जानकारी देते हुए यात्रा के दौरान अनुशासन, सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया। वहीं जिला हज ट्रेनर मौहम्मद इमरान ने हज के पूरे सफर की व्यावहारिक जानकारी देते हुए यात्रियों को आने-जाने, ठहरने और विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया। और कारी अहमद हसन ने भी नमाजों के ऊपर तफसील से रोशनी डाली।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि नगर के प्रसिद्ध मिर्जा हॉस्पिटल द्वारा सभी हाजियों को नि:शुल्क दवाइयों की एक एक किट वितरित की गई। इस दौरान डा. मोहतशिम मिर्जा और डा. तोहा मिर्जा ने हाजियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए और छोटी-मोटी बीमारियों से बचाव के उपाय विस्तार से बताए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जमीयत उलेमा शाखा किरतपुर के अध्यक्ष मौलाना मौहम्मद यूसुफ ने की, जबकि संचालन जमीयत उलेमा के नाजिम कारी मोहम्मद अय्यूब एवं मुफ्ती अब्दुल कादिर ने संयुक्त रूप से किया।

इस मौके पर हाजी साजिद अली खान, पूर्व कैप्टन मजहर नामी, हाफिज हयात खान, कारी साजिद-उल-हक, मुफ्ती मौहम्मद सादिक सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कैंप के अंत में हाजियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और सफल एवं सुरक्षित हज यात्रा की दुआ की गई।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा,
शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# हादसे में युवक की मौत

## पांच गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव चुड़ियाखेड़ा के समीप देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ट्रैक्टरों की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव गंगोड़ाजट निवासी जियान (20 वर्ष) बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान बिजनौर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने



उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुर्घटना के बाद अनियंत्रित हुआ ट्रैक्टर सामने से आ रहे दूसरे ट्रैक्टर से जा भिड़ा। इस टक्कर में दूसरे ट्रैक्टर पर सवार गांव गंगोड़ाजट निवासी चालक विकास कुमार (25 वर्ष), उसका भाई लकी (29 वर्ष) और नवीन (28 वर्ष) सहित करीब पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में अन्य कुछ लोगों को भी चोटें आई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को जिला अस्पताल बिजनौर रेफर किया गया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आतंकवादी बनायेंगे तो अच्छे से करूंगा स्वागत : आकिब

## वीडियो में कहा-आतंकवादी का ठप्पा फ्री में नहीं खाऊंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** वीडियो जारी कर उसने अब कहा है कि आतंकवादी का ठप्पा फ्री में नहीं खाऊंगा। सबको सबक सिखाऊंगा, आतंकवादी बनाएंगे तो अच्छे से स्वागत करूंगा। उसकी इस वीडियो में पछतावा कम धमकी ज्यादा नजर आ रही है।

कई वीडियो जारी कर पहले खुद को बेगुनाह साबित करने पर तुला देशद्रोह में संलिप्त मेरठ निवासी आकिब खान विदेश में बैठकर अब सबक सिखाने की धमकी देने लगा है। बौखलाहट में



वह अपने असली चेहरे को सामने लाकर खड़ा कर चुका है। वायरल वीडियो में वह कह रहा है कि 'आतंकवादी का ठप्पा मैं फ्री में नहीं खाऊंगा, सबको सबक सिखाऊंगा।' अपने बचाव में वह फिर से कहता है कि सारे सबूत दिखाने के बावजूद अगर मुझे आतंकी बनाया जाएगा तो इनका स्वागत है, सभी का अच्छे से स्वागत करूंगा। सब लोग जानते हैं मैं कैसा स्वागत करता हूं। धमकी भरे इस वीडियो में आकिब खान देश द्रोह के मुखौटे को पहने नजर आया। अपने हर वीडियो में वह अलग मुखौटा लेकर क्या साबित करना चाहता है यह तो नहीं पता लेकिन, अब उसके अंदर बैठा शैतान का चेहरा वीडियो के माध्यम से ही सही लेकिन उजागर होने लगा है।

## एक नजर

### आवारा कुत्तों का आतंक



**कासमपुर गढ़ी।** ब्लॉक क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम मानियावाला निवासी 25 वर्षीय संगीता पत्नी सचिन पर कुत्ते ने हमला कर दिया। वहीं रेहड़ की 60 वर्षीय प्रकाशवती पत्नी कर्मवीर को भी कुत्ते ने काट लिया। अफजलगढ़ निवासी 25 वर्षीय मौहम्मद विकार पुत्र मौहम्मद असगर भी कुत्ते के हमले में घायल हो गए। ग्राम हसनपुर निवासी विहान (पांच वर्ष) पुत्र सौरभ को भी कुत्ते ने काटा। ग्राम रायपुरी की 45 वर्षीय सूरजा पत्नी धर्म सिंह, मानियावाला के आठ वर्षीय अरहम पुत्र एजाज, कासमपुर गढ़ी के आठ वर्षीय मौहम्मद साथ पुत्र वाजिद अली और ग्राम उदयपुर के 36 वर्षीय विशेष पुत्र नवरत्न भी कुत्तों का शिकार बने। सभी घायलों को परिजनों ने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की धरपकड़ कर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### 450 युवाओं को मिले जॉब ऑफर लेटर

**बिजनौर।** भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर आज जनपद मुजफ्फरनगर के नुमाइश मैदान में आयोजित वृहद रोजगार मेले में बिजनौर के राजकीय, निजी आईटीआई तथा कौशल प्रशिक्षण केंद्रों के 1200 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। जिनमें से 450 अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में सेवायोजन का अवसर मिला। आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि आज प्रात: 7:00 बजे से ही आईटीआई बिजनौर में युवक एवं युवतियां का आना प्रारंभ हो गया था तथा वे यहां से बसों द्वारा 8:30 बजे मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुए। वहां रोजगार मेले में 450 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर मिले। इसके साथ ही आईटीआई बिजनौर के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया पानी का जहाज, रोबोट एवं अन्य मॉडल भी प्रदर्शन के लिए उपलब्ध रहे। जिनकी विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रशंसा की गई। दीपक कुमार गुप्ता फोरमैन, करतार सिंह, बृजेश कुमार खरवार आदि के नेतृत्व में यह युवक एवं युवतियां रोजगार मेले में अत्यंत उत्साह के साथ सम्मिलित हुए।

### तल्हा मकरानी ने सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** समाजसेवी तलहा मकरानी एड. के नेतृत्व में डीएम को ज्ञापन सौपा गया। परिवहन विभाग से किरतपुर में रोडवेज बस अड्डे की पिछले वर्ष एक अगस्त 2025 को मंजूरी हो गई थी। परिवहन निगम के अधिकारियों ने प्रशासन को पत्र लिखकर नि:शुल्क जमीन उपलब्ध कराने को कहा था। नौ माह बीत जाने के बाद भी प्रशासन स्तर पर भूमि की तलाश नहीं हो पाई। इस बीच अपनी कार्यशैली के चलते हुए समाजसेवी तलहा मकरानी ने पहले रोडवेज बस अड्डा मंजूर कराई थी और अब भूमि की भी तलाश की। भूमि मौजा तकबुर इसरार खेड़ी खाता संख्या 278 गाटा संख्या 382 तहसील नजीबाबाद में स्थित है। इस मौके पर जैद बेग एड., अमर हरी गुप्ता एड., महासचिव फहीम अख्तर एड., संजय एड. आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### धूमधाम से मनाएंगे जयंती



**बिजनौर।** निवर्तमान सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने विधानसभा क्षेत्र के चार जोन प्रभारियों 36 सेक्टर प्रभारियों एवं सभी बूथ प्रभारियों एवं पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर कल (आज) बाबा साहब की जयंती को सभी प्रभारीगण एवं पदाधिकारी धूमधाम से भव्य मनाएगे एवं पीडीए को मजबूत कर कार्यक्रम के फोटो जिला कार्यालय पर उपलब्ध कराएगे। बैठक में पूर्व सांसद यशवीर सिंह, निवर्तमान जिला महासचिव धनजय यादव पूर्व जिला महासचिव जावेद अख्तर,पूर्व प्रदेश सचिव महिला कमलेश भुईयार, वरिष्ठ नेता डा. रहमान, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र चौहान, विशेष आमंत्रित सदस्य चौ दिनेश, विधानसभा अध्यक्ष सिकंदर कस्सार प्रमोद भोले नवेद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### सड़कों पर रपटों से परेशानी

**हीमपुर दीपा।** ब्लॉक जलीलपुर सैंकड़ों गांव में ग्रामीणों ने घर के आगे रपटे बनाकर मुख्य सड़कों को घेर लिया है। इसे गांव-गांव घूमने वाले लेखपालों सहित कानूनगो की मिली भगत कहे या लापरवाही जो इन सड़कों से प्रतिदिन गुजरने के बाद भी यह मुख्य मार्ग चौड़े होने के बजाय घिरते जा रहे है। वहीं तहसील में बैठे लाखों रुपए तनख्वाह लेने तहसीलदार और एसडीएम केवल सरकारी तनख्वाह लेने में व्यस्त हैं जिनकी आंखों में भरे दिन के उजाले में मुख्य सड़कों को घेरने का काम किया जा रहा है। सवाल यह भी है कि इन जिम्मेदार अधिकारियों को ग्रामीणों से दुश्मनी लेकर सारी खबर यदि मीडिया ही देगी तब इन जिम्मेदार अधिकारियों को क्या लाखों रुपए सरकार सरकारी भूमियों पर कब्जा करने के दे रही है? वहीं यह हाल केवल ब्लॉक जलीलपुर की ही पंचायतों का नहीं है, बल्कि जनपद भर की सभी ग्राम पंचायतो व नगर पंचायतों में यही हाल है जहां सरकारी नलों, सरकारी सड़कों और सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मालूम हो कि गांवों में मुख्य सड़कों पर घर के आगे रपटे बना देने से आलम यह हो जाता है कि मुख्य मार्गों पर आमने-सामने से दो बाइक भी निकलनी भारी हो जाती है ऐसे में चोपहिया वाहन निकलने के बाद दुर्घटना ही होना बाकी रह जाता है परंतु सरकारी दफ्तरों में एसी, कूलर लगाकर बैठे और लाखों रुपए महीना सरकार से ऐंठने वाले अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से इतनी ही दूर हैं, जितने धरती से सितारे दूर नजर आते हैं। वास्तविकता यही है कि गांव-गांव घूमने वाले लेखपाल अपने अधिकारियों को गुमराह करने में व्यस्त है, इसके बाद एसी दफ्तर में बैठे अधिकारी अपने उच्चाधिकारियों को गुमराह करने में व्यस्त है, वहीं उच्चाधिकारी शासन को गुमराह करने में व्यस्त है। जिसके चलते शासन की गांव-गांव फजीहत हो रही है। ऐसे में यह कहने वाले लोग कि इस सरकार की सत्ता मे दोबारा वापसी नहीं होंगी अब सच ही मालूम पड़ता है।

### लूट की सूचना से हड़कंप

**हीमपुर दीपा।** आज देर शाम पुलिस महकमे में उस समय हड़कंप मच गया, जब हीमपुर दीपा पुलिस को लूट की सूचना मिली। पुलिस ने बिना समय गवाए घटनास्थल की तरफ दौड़ लगा दी। मुबारकपुर कलां पहुंची पुलिस ने जीशान नामक व्यक्ति से पूछताछ की और लूट की जानकारी ली। पुलिस को पता चला कि जीशान मेरठ में बेकरी चलाता है। जिसके पास गांगू नंगला निवासी गुड्डू का पुत्र काम करता है। जिसके मजदूरी के पैसे जीशान नहीं दे रहा था। इन्हीं पैसे के देने के चक्कर में लूट की सूचना दी गई। पुलिस अग्रिम कार्रवाई के लिए जीशान को थाने ले आई।

### सड़कों पर खाकी का खौफ

**नगीना।** अंबेडकर जयंती से पहले नगीना पुलिस फुल एक्शन में है। आज सीओ के नेतृत्व में पुलिस बल सड़कों पर उतरा, तो इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने सड़कों पर पैदल मार्च कर संदेश दे दिया है कि शांति भंग करने वालों की अब खैर नहीं। चौराहे-चौराहे पर संदिग्धों को रोका गया, डिग्गियां खुलीं और मटरगश्ती करने वालों की जमकर क्लास ली गई। संवेदनशील इलाकों और प्रतिमाओं पर ऐसा कड़ा पहरा है कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता।

### अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई




**नगीना।** रामलीला बाग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रधानाचार्य महेश सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ आचार्य सुधीर कुमार और चंद्र प्रकाश ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने भैया-बहनों को डा. अंबेडकर के जीवन मंत्रों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

# धरने की सफलता के लिए विद्यालयों का भ्रमण

## दो मई को डीआईओएस कार्यालय पर जुटेंगे माध्यमिक शिक्षक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ दो मई को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अपनी विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन करने जा रहा है।

संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तथा जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर पर लंबित विभिन्न प्रकरणों के निस्तारण के लिए आगामी दो मई को प्रांतीय आह्वान पर जनपदों में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में जनपद बिजनौर के माध्यमिक शिक्षक भी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर दो मई को धरना देंगे। धरने की सफलता के लिए



पदाधिकारियों ने विद्यालयों का दौरा करना प्रारंभ कर दिया है। इस क्रम में आज जिला संरक्षक विनेश त्यागी तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने नजीबाबाद क्षेत्र के मूर्ति देवी सरस्वती, मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज कास्मिया इंटर कॉलेज नजीबाबाद राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल आदर्श ग्रामीण इंटर कॉलेज चंदक आदि विद्यालयों का भ्रमण किया। शिक्षकों से उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की तथा दो मई के धरने को सफल बनाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर पहुंचने का आह्वान किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ के नेतृत्व में प्रति. निधिमंडल ने जिला विद्यालय निरीक्षक से भेंट कर प्रमुख मांगों पर चर्चा की। इस वर्ष सेवानिवृत हुए शिक्षकों की जीपीएफ तथा पेंशन पत्रावली शीघ्र मंडल मुख्यालय पर भिजवाने की मांग की तथा दो मई के धरने के संबंध में डीआईओएस को नोटिस प्रस्तुत किया। इस मौके पर जिला संरक्षक विनेश कुमार त्यागी, जिला मंत्री विनोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, सुधांशु कुमार, मनोज यादव, राजेंद्र सोलंकी, मयूर मलिक, कुलबीर सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारतरत्न डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आजाद कॉलोनी 'समरसता' के रंग में सराबोर दिखी। 'मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है' के संकल्प के साथ समा. जसेवी रोहित कुमार के आवास पर विशाल भोजन दान का आयोजन किया गया।

इस मौके पर बाबा साहब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो' के मंत्र को दोहराते हुए समाज के हर वर्ग ने एक साथ पंगत में बैठकर भोजन किया। कार्यक्रम में जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन कराकर भाईचारे की मिसाल पेश की गई। कार्यक्रम में शाहनवाज खलील, शहरोज खलील, राजकुमार जोनी और मास्टर अरविंद कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। रोहित कुमार ने कहा यह आयोजन केवल भोजन दान नहीं, बल्कि ऊंच-नीच की दीवारें गिराकर समाज को जोड़ने की एक छोटी सी कोशिश है।

# उपचाराधीन घायल की मेरठ में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम हमीदपुर निवासी चंदर की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। चंदर को कुछ दिन पहले दवा के पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में गंभीर चोटें आई थीं। मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

ग्राम हमीदपुर निवासी चंदर (पुत्र रघुनाथ) का ग्राम छज्जुपुरा निवासी डा. सतपाल (पुत्र देवदत्त) से दवा के पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के बाद डा. सतपाल चंदर के घर पहुंचा और वहां गाली-गलौच करते हुए हाथापाई की। चंदर की पत्नी पिंकी देवी द्वारा थाने में दी गई तहरीर के मुताबिक, जब उन्होंने अपने पति को बचाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उन्हें भी धक्का दे दिया। शोर मचाने पर आरोपी ने चंदर के सिर पर फन्टी (लकड़ी का डंडा) से जोरदार वार किया, जिससे उनका सिर फट गया और वे लहूलुहान होकर गिर पड़े। घायल चंदर को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया था। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें मेरठ रेफर कर दिया था। पिछले कई दिनों से मेरठ में उनका इलाज चल रहा था, लेकिन अंतत: उन्होंने दम तोड़ दिया। पीड़ित पक्ष ने पहले ही नहटौर थाने में आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी थी। चंदर की मौत की सूचना मिलने के बाद पुलिस अब मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में वृद्धि कर कानूनी कार्रवाई को आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है। हल्का दरोगा संयम यादव ने बताया कि चंदर की उपचार के दौरान मौत हो गई है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अतिक्रमणकारियों के उड़े होश

**नगीना।** नवीन मंडी में अवैध कब्जा जमाए बैठे आढ़तियों और दुकानदारों पर अब गाज गिरनी शुरू हो गई है। आज मंडी सचिव अभिषेक शर्मा ने खुद मोर्चा संभालते हुए फुटपाथों पर लक्ष्मण रेखा खींच दी। उन्होंने साफ कर दिया कि जो इस रेखा को पार करेगा, उसका लाइसेंस स्वाहा होना तय है।

रविवार को मंडी में प्रशासन का बुलडोजर गरजा तो जरूर, लेकिन लोगों ने इसे 'ऊंट के मुंह में जीरा' करार दिया। एसडीएम विजय शंकर मिश्रा और सचिव की सख्ती के बावजूद कुछ दुकानदार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं।

सड़कों पर सजी क्रेटें, बोरियां और अवैध टीन शेड अब प्रशासन की हिट-लिस्ट में हैं। मंडी सचिव ने दो टूक कहा है कि अतिक्रमण करने वालों को कारण बताओ नोटिस थमा दिए गए हैं। जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो लाइसेंस सीधे रद्द होंगे। मंडी को जागीर समझने वालों की अब खैर नहीं। प्रशासन के इस 'एक्शन मोड' से पूरी मंडी में हड़कंप मचा हुआ है।

### नगीना में एम्स की हुंकार

# कताई मिल की 'डेड' भूमि पर 'लाइफ-लाइन' बिछाने की तैयारी



**नगीना।** पश्चिमी उ.प्र.के सियासी और स्वास्थ्य गलियारों में इन दिनों एक ही नाम गूंज रहा है, AIIMSA केंद्रीय बजट 2025-26 में पश्चिमी यूपी के लिए घोषित हुए इस 'महा-अस्पताल' को अपनी धरती पर लाने के लिए नगीना ने ताल ठोक दी है। दशकों से सन्नाटे में डूबी कताई मिल की खाली भूमि अब क्षेत्र की तकदीर बदलने का जरिया बन सकती है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज विश्नोई और नामित सभासद डा. भूपेश चौहान की अगुवाई में आज सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में नगीना की कताई मिल को एम्स का कैंपस बनाने का अनुरोध किया गया।

## हादसे में युवक घायल

**नगीना।** सवारियों से भरा एक ई-रिक्शा बेकाबू होकर सीधे गहरे गड्ढे मे जा गिरा। हादसे का शिकार हुआ 40 वर्षीय मुन्नू मौजमपुर नारायण से अपनी ननिहाल छायला जा रहा था। ड्राइवर की लापरवाही और ओवरस्पीडिंग की वजह से मुन्नू का पैर फ्रैक्चर हो गया है। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) एफ.टी.सी., बिजनौर**

वाद सं. 120/2020

**श्रीमति सोनी बनाम शुभम आदि**

(1) श्रीमति सोनी पत्नी स्व. राकेश कुमार सैनी (2) अमन कुमार व (3) आर्यन नाबालिग पुत्रगण स्व. श्री राकेश कुमार सैनी बविलायत माता हकीकी श्रीमती सोनी पत्नी राकेश कुमार सैनी निवासीगण ग्राम घनुवाला परगना व तहसील व जिला बिजनौर

**बनाम**

(1/1) श्रीमति सुनीता देवी पत्नी स्व. श्री शुभम उर्फ दीपेन्द्र (1/2) कु. कृतिका नाबालिग (1/3) कु. परिनिध नाबालिग पुत्री स्व. शुभम उर्फ दीपेन्द्र बविलायत माता हकीकी श्रीमति सुनीता देवी पत्नी स्व. श्री शुभम उर्फ दीपेन्द्र निवासीगण ग्राम रायपुर लकड़ा परगना नहटौर जिला बिजनौर (2) जिला पंचायत राज अधिकारी जिला बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित से इस न्यायालय से यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिए दिनांक **20-04-2026** को दस बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा।

**नियत दिनांक: 20-04-2026**

**प्रबंधक**
**सिविल जज (सी.डि.)**
**एफ.टी.सी., बिजनौर**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र अभय सैनी के आधार कार्ड में मेरा नाम नीटू व पता मौहल्ला कस्बा, नगीना अंकित है। जबकि मेरे पुत्र अभय सैनी की हाई स्कूल की अंकतालिका में मेरा नाम नीटू सिंह सैनी अंकित है, जो कि गलत है। मैं अपने पुत्र अभय सैनी की अंकतालिकाओं में अपना नाम नीटू व पता मौ. कस्बा, नगीना, बिजनौर शुद्धिकरण करा रहा हूं। अब मुझे नीटू और पता मौ.कस्बा नगीना, बिजनौर के नाम से जाना और पुकारा जाए।

**नीटू पुत्र लाल सिंह**
**निवासी मौहल्ला कस्बा नगीना (बिजनौर)**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा भाई सुहेल आवारा किस्म का व्यक्ति है जो हमारे साथ गाली- गलौच व मारपीट करता है। बुरे चरित्र की महिलाओं के सम्पर्क में रहता है। मैंने तंग आकर उससे अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं तथा तमाम चल व अचल सम्पत्ति से उसे बेदखल कर दिया है। मेरा व मेरे परिवार का सुहेल से कोई सम्बन्ध वास्ता नहीं रहा है। सुहेल के किसी भी कृत्य के लिये मैं जिम्मेदार नहीं हूं।

**शोऐब पुत्र अब्दुल वहाब निवासी मौ. मिर्दगान, थाना कोतवाली शहर, बिजनौर, जिला बिजनौर।**

भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडर जयंती की

हार्दिक बधाई



बुध सिंह

पूर्व सभासद, मण्डावर

# दिनौड़ा में कई जगह आगजनी से सनसनी

## स्ट्राबेरी फार्म, ट्रैक्टर और कारों में लगाई आग, सीओ ने किया घटना स्थल का निरीक्षण







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** रात के अंधेरे में अज्ञात व्यक्ति ने ग्राम दिनौड़ा में एक स्ट्राबेरी फार्म, एक ट्रैक्टर और कारों में आग लगा दी। आग लगने की सूचना से ग्रामीणों के होश उड़ गए। आग लगने की सूचना पुलिस को दे गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम दिनौड़ा में बीती रात किसी ने आगजनी की तीन अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देकर गांव में दहशत फैला दी। गांव के अब्दुल हक के घेर में छोटा ट्रैक्टर खड़ा था। रात में किसी समय ट्रैक्टर में आग लगा दी गई। जिससे ट्रैक्टर पूरी तरह जल गया। दूसरी घटना में अनीस अंसारी का गांव से लगभग 600 मीटर की दूरी पर स्ट्रॉबेरी फार्म है। रात में फॉर्म में आग लगा दी गई। फार्म में रखा हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। तीसरी घटना में घर के बाहर खड़ी एहसान अहमद की दो कारों में भी आग लगा दी, जिससे कारों के टायर और प्लास्टिक का सामान जल गया। आज सुबह जब ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली, तो उनके होश उड़ गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुट गई है। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया और पुलिस का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर का कहना है कि आगजनी की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस भेजी गई है, मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## संजय यादव का भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** थाना मंडावली थाना क्षेत्र में तैनात अवधेशानंद भागूवाला चौकी के इंचार्ज संजय यादव को निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। एसपी अभिषेक झा ने उन्हें स्टार लगाकर सम्मानित किया।

विभागीय अधिकारियों ने संजय यादव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। निरीक्षक बनने के बाद जैसे ही संजय यादव अपने थाना क्षेत्र मंडावली पहुंचे, वहां क्षेत्रवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बड़ी संख्या में लोग उन्हें बधाई देने के लिए एकत्रित हुए। इस मौके पर आसपा नेता अबरार आलम ने संजय यादव को पदोन्नति पर बधाई दी। उन्होंने उनके सरल स्वभाव और जनसंपर्क शैली की सराहना करते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। स्वागत कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ से यह साफ नजर आया कि संजय यादव क्षेत्र में काफी लोकप्रिय हैं। लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। संजय यादव ने सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो सम्मान मिला है, वह उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए वह पूरी तत्परता से कार्य करेंगे और जनता के सहयोग से अपराध पर नियंत्रण रखा जाएगा।

# आरएसएम में अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम

## डा. भीमराव के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज के इतिहास विभाग द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में डा. भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी प्रो. अमित कुमार सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत छात्रा अपराजिता ने बाबा साहब के जीवन परिचय को संक्षिप्त शब्दों में प्रस्तुत किया।

प्रो. अमित कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में जब भी सामाजिक एवं राजनीतिक योगदानों की चर्चा होगी, उसमें डा. बी.आर. अंबेडकर का नाम सर्वप्रथम लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत में सामाजिक और राजनीतिक न्याय की कल्पना बाबा साहब के बिना अधूरी है। वे संविधान निर्माता, समाज सुधारक, राजनीतिक दार्शनिक, चिंतक, अर्थशास्त्री, न्यायविद, गरीबों के मसीहा और भारत रत्न थे।

डा. विवेक यादव ने बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि कुछ लोग वक्त के सांचे में ढल जाते हैं, जबकि कुछ लोग वक्त का सांचा ही बदल देते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने समाज को नई दिशा प्रदान की।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं, गरीबों, पिछड़ों, मजदूरों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उत्थान हेतु संवैधानिक प्रावधान किए और उनके सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बाबा साहब के संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने की। संचालन इतिहास विभाग के प्रभारी डा. विवेक यादव ने किया।

# स्मार्ट मीटर को लेकर हंगामा



## एडवांस बिल के बावजूद कटौती का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** स्मार्ट मीटर व्यवस्था को लेकर आज हालात तनावपूर्ण हो गए। दोपहर करीब एक बजे बड़ी संख्या में उपभोक्ता विद्युत कार्यालय पहुंच गए और अपनी समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। आरोप है कि एडवांस बिल जमा करने के बावजूद बिजली आपूर्ति काटी जा रही है, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया।

प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का कहना था कि उन्होंने पहले से ही बिजली का भुगतान कर रखा है, इसके बावजूद उनके घरों की आपूर्ति बंद कर दी जा रही है। इससे घरेलू कार्यों के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। उन्होंने विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महिलाओं ने साफ तौर पर कहा कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। आक्रोशित उपभोक्ताओं ने विद्युत कार्यालय के बाहर सड़क पर प्रदर्शन करते हुए जाम जैसी स्थिति पैदा कर दी। इससे आवागमन प्रभावित हुआ और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों को मौके पर कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला। इससे लोगों का गुस्सा और भड़क गया। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि अधिकारी जानबूझ कर समस्याओं से दूरी बना रहे हैं। इस पूरे मामले में एसडीओ ने फोन पर बताया कि स्मार्ट मीटर में प्रीपेड रिचार्ज प्रणाली लागू है। उपभोक्ता जितने रुपये का रिचार्ज कराते हैं, उतनी ही बिजली उपयोग कर सकते हैं और बैलेंस खत्म होते ही आपूर्ति स्वत: बंद हो जाती है। उन्होंने किसी तकनीकी गड़बड़ी या अन्य कारण से कटौती होने से इनकार किया।

हालांकि उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें प्रणाली की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एसडीओ न तो फोन उठाते हैं और न ही समय पर कार्यालय पहुंचते हैं, जिससे शिकायतों का समाधान नहीं हो पाता। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति स्पष्ट करें और समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी से बचा जा सके।

## हेड बॉय और हेड गर्ल पद के लिए चयनित विद्यार्थियों के इंटरव्यू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल मे इन्वेस्टीचर सेरेमनी के अंतर्गत द्वितीय चरण का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।

इस चरण में हेड बॉय और हेड गर्ल पद के लिए चयनित विद्यार्थियों के इंटरव्यू आयोजित किए गए। इस विशेष प्रक्रिया के लिए एक प्रतिष्ठित जजिंग पैनल का गठन किया गया, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी, कोऑर्डिनेटर संदीप सिंह तथा किड्स पैराडाइज की हेड मिनी फ्रांसिस शामिल रहीं। जजिंग पैनल ने सभी चयनित विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया, जिसमें उनके नेतृत्व कौशल, आत्मविश्वास, संचार क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता का मूल्यांकन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत किए। यह प्रक्रिया निष्पक्ष और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई, जो विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और नेतृत्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## गुरुद्वारा गुरुनानक बाग में सजा दिव्य दीवान, संगत ने लिया गुरमत संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरुनानक बाग साहिब में बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सालाना साधना दिवस पर भव्य दीवान सजा। जिसमें बड़ी संख्या में सिख संगत ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान हेड ग्रंथी ज्ञानी सतनाम सिंह ने मधुर गुरबाणी पाठ कर उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस में सराबोर कर दिया।

दीवान में अपने प्रवचन के दौरान ज्ञानी सतनाम सिंह ने गुरु की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि गुरु की शिक्षाएं मानव जीवन को सत्य, सेवा और सदाचार की राह दिखाती हैं। उन्होंने संगत से आह्वान किया कि वे गुरु के बताए मार्ग पर चलकर समाज में भाईचारा, एकता और सेवा भाव को मजबूत करें।

कार्यक्रम में समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा संगत के लिए लंगर की विशेष व्यवस्था कराई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने पंक्ति में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया और धर्म लाभ अर्जित किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरवेंद्र सिंह दिगवा, उपप्रधान मंजीत सिंह गौड़, जगमोहन सिंह, हरपाल सिंह, पीतांबर सिंह, गुरनीत सिंह सलूजा, चरणजीत सिंह, महीपाल सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग एवं भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नरूलापुर में महिला जागरूकता कार्यक्रम

## 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी महिलाओं को दिखाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना देहात क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत ग्राम नरूलापुर में महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। इसमें पुलिस टीम ने विस्तार से जानकारी देकर आत्मनिर्भरता और सुरक्षा का संदेश दिया।

कार्यक्रम में उपनिरीक्षक बनी सिंह और महिला आरक्षी दीक्षा ने मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों को समझाया। उन्होंने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुरक्षा सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। महिलाओं को 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 112 आपातकालीन सेवा, 108 एंबुलेंस, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 1930 साइबर हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही इनके उपयोग की प्रक्रिया भी समझाई गई।

इस दौरान नरेंद्र मोदी के 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी महिलाओं को दिखाया गया, जिससे उन्हें सरकार की पहल और योजनाओं के बारे में जानकारी मिली। महिलाओं को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के बारे में बताया गया। घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और अन्य अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में बालिकाओं को मोबाइल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने के उपाय बताए गए। ऑनलाइन ठगी, अश्लील संदेश और अन्य साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी गई। महिलाओं को मारपीट, छेड़छाड़ जैसी घटनाओं से बचाव और कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी गई। साथ ही आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने के तरीके भी समझाए गए। इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता की दिशा में सशक्त बनाने का प्रयास किया गया। जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रह सकें और सुरक्षित जीवन जी सकें।

## एक नजर

### लखनऊ पहुंचने की अपील



**चांदपुर।** बसपा जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी बसपा कार्यकर्ताओं से 14 अप्रैल को भारत रत्न डा. बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गोमती नगर (लखनऊ) अंबेडकर पार्क पहुंचने की अपील की है। अकील अंसारी ने कहा है कि सर्वसमाज के लोग बसपा सुप्रीमो मायावती के आह्वान पर अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचे। उन्होंने बसपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जिले की तमाम जनता से आह्वान किया कि अगर वह उत्तर प्रदेश में बदलाव चाहते हैं, तो उन्हें अधिक से अधिक तादाद में लखनऊ पहुंचकर डा. बाबा भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस पर अपार समूह के रूप में एकत्रित होकर देश और प्रदेश की जनता को एकता का संदेश दें।

### शिक्षक संघ 2 मई को देगा धरना




**नांगल सोती।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में लंबित समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर शिक्षक दो मई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद, आरबीएस इंटर कॉलेज नांगल, राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर, कासमिया इंटर कॉलेज नजीबाबाद, नजीबुद्दौला इंटर कॉलेज में सदस्यता अभियान चलाया गया। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला संरक्षक विनेश त्यागी, शाखा अध्यक्ष हरवीर सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर लंबित समस्याओं को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर दो मई को धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर जिला मंत्री विनोद कुमार, प्रधानाचार्य राजीव चौहान, वरिष्ठ शिक्षक केशव शरण, सत्य प्रकाश आर्य, संजय कुमार सिंह, राकेश कुमार, लोकेश पटेल आदि मौजूद रहे।

### नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन




**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज में प्राथमिक चिकित्सा समिति द्वारा एक दिवसीय नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों एवं स्टाफ की आंखों की जांच की गई। डा. शुभम सोनी ने अपनी टीम के साथ आंखों के रोगों की जांच की। उनके साथ नेत्र सहायक डा. नर्मदा पटेल एवं सहयोगी स्टाफ अदीबा, आलम और आमिर ने सहयोग किया। डा. शुभम सोनी ने विद्यार्थियों को बताया कि डिजिटल युग में स्क्रीन टाइम बढ़ने के कारण आंखों पर तनाव बढ़ रहा है। जिससे बचाव के लिए नियमित अंतराल पर जांच आवश्यक है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। यह शिविर केवल जांच का माध्यम नहीं है, बल्कि एक जागरूकता अभियान भी है। प्राचार्या महोदया ने अपेक्षा जताई कि सभी उपस्थित जन अपनी आंखों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देंगे तथा अन्य व्यक्तियों को भी जागरूक करेंगे क्योंकि आंखें हैं तो संसार है। शिविर का आयोजन प्राथमिक चिकित्सा समिति की संयोजिका डा. मीनाक्षी चौहान के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चिकित्सा समिति के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय का अधिकांश स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### चेयरमैन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**नजीबाबाद।** नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आसपा के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने विद्युत स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से उत्पन्न जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम शैलेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नजीबाबाद क्षेत्र की आम जनता से स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर लगातार गंभीर शिकायतें मिल रही हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली के बिलों की राशि अधिक आ रही है। पोस्टपेड की तुलना में प्रीपेड मीटर की रीडिंग भी अधिक दर्ज हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। चेयरमैन मंसूरी ने कहा कि बिल जमा न करने पर बिजली विभाग उपभोक्ता को बिना पूर्व सूचना दिए लाइन काट देता है, जबकि मीटर चालू रहता है और रीडिंग बढ़ती रहती है। एक अन्य समस्या यह भी सामने आ रही है कि बिल जमा करने के बाद भी विभाग की ओर से अतिरिक्त राशि जमा करने के लिए कहा जाता है, जिससे ग्राहकों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रीपेड स्मार्ट मीटरों की तकनीकी जांच कराई जाए और उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### घायल की उपचार के दौरान मौत



**नांगल सोती।** भैंसा बुग्गी पलटने से घायल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार को नांगल सोती के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुरेंद्र सिंह निवासी गौसपुर अपने घर से भैंसा बुग्गी लेकर खेत पर जा रहा था, तभी भैंसा बुग्गी अचानक पलट गई। जिससे सुरेंद्र बुग्गी के नीचे दब कर गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए बिजनौर ले गए थे। आज सुरेंद्र सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। उसकी मौत की खबर से उसके परिवार में कोहराम मच गया।

# अभियान के तहत कार्य नहीं करने वालों को जारी होगी कठोर चेतावनी

○ जिलाधिकारी ने संचारी रोग अभियान की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 30 अप्रैल 2026 तक चलने वाले दस्तक अभियान तथा डिप्थीरिया आउट ब्रेक की रोकथाम स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम डिप्थीरिया आउट ब्रेक की रोकथाम को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में अभियान के उद्देश्य, अभियान की महत्वपूर्ण तिथियाँ, कार्यक्रम की रुपरेखा, लक्षित समूह एवं टीकाकरण श्रेणियाँ, जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन रणनीति, विभागों के मध्य समन्वय एवं योजना, प्रचार प्रसार एवं जागरुकता, डिजिटल रिपोर्टिंग एवं डेटा प्रबंधन, एईएफआई प्रबंधन एवं सुरक्षा तथा अंतिम समीक्षा एवं माइक्रो प्लान प्रेषण की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को माइक्रो प्लान स्कूल एवं छात्र छात्राओं वार तैयार किया जाए। टीकाकरण एवं बच्चों के बैठने के लिए अलग अलग कक्ष बनने ओर आशा, आंगनबाड़ी एवं एएनएम की बैठक में ग्राम कुल के लोगों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान की समीक्षा की गइ। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान को लेकर गम्भीर रहें। जबकि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर साप्ताहिक बैठक करने तथा मुख्य विकास अधिकारी की अधयक्षता में दैनिक समीक्षा बैठक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने जिन जिन लोगों द्वारा अभियान के अन्तर्गत कार्य नहीं किया है उनको कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।



सम्भल। कलक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग अभियान की समीक्षा बठक लेते जिलाधिकारी।

# औद्योगिक गलियारे को नहीं दी जाएगी एक इंच ज़मीन

○भाकियू असली की पंचायत में लिया गया निर्णय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भाकियू असली की एक पंचायत में औद्योगिक गलियारे के लिए होने वाले जमीन अधिग्रहण का विरोध करने का निर्णय किया गया।

ग्राम भटोला में आयोजित पंचायत में जिला अध्यक्ष राजपाल यादव ने कहा कि सरकार प्रोपर्टी डीलर का काम कर रही है उपजाऊ जमीन को किसानो से ओने पोने दामो मे खरीद कर उद्योगपतियों को महंगे दामों में बेचने काम कर रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश चौधरी संजीव गांधी ने कहा कि सन् 2016 से आज तक सम्बन्धित क्षेत्र में जमीन का सर्किल रेट नहीं बढ़ाया गया जो कि किसानो के साथ सरासर नाइंसाफी है। जमीन के मोके पर सर्किल रेट से दस गुना रेट है जबकि अधिग्रहण में सर्किल रेट का केवल चार गुना ही मुवावजा मिलता है। किसानो के साथ इससे बड़ा कोई मजाक हो नहीं सकता है। पंचायत में सर्व सम्मति से तय किया गया की किसान इस तरह से सरकार को एक इंच भी जमीन नहीं देंगे। पंचायत में मुख्य रूप से जयवीर यादव, चंद्र प्रकाश शर्मा, रामकिशन, दोजी पधान, गनपत, विनय सैनी, मुस्ताक अहमद, पातीराम सैनी राम सिंह खडकवंशी व जशसवंत सिंह उपस्थित रहे।

# डीएम ने स्टेडियम में दिए सफाई के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने बहजोई के काली मंदिर के निकट मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम स्टेडियम की साफ सफाई ओर स्टेडियम में हो रहे गडढों को भरवाने के निर्देश दिए। जबकि डीएम ने शूटिंग रेंज का भी निरीक्षण किया। बच्चों ने जिलाधिकारी को बताया कि कुछ बाहरी लोग स्टेडियम परिसर में शराब का सेवन करते हैं जिसको लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की ओर इसको विशेष कर संज्ञान में लेकर सम्बंधित पर आवश्यक कार्रवाई भी तय करने के निर्देश दिए।

# दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला से कुंडल लेकर तीन युवक फरार

○दिनदहाड़े ठगी की घटना से मचा हड़कम्प

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर मे दिनदहाड़े चंदौसी रोड पर 3 अज्ञात लोगों ने बुजुर्ग महिला को बहला फुसलाकर लूट लिया। घटना को अंजाम देकर निकल गये। घटना अंजाम देने वाला एक युवक सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा है।

नगर बबराला के इंद्रा चौक,चन्दौसी रोड़ निवासी व्यवसायी अनिल गुप्ता व सुरेश गुप्ता ने घटना की तहरीर बबराला थाने में दी।जिसमे घटना के बारे में बताया कि अज्ञात व्यक्तियो द्वारा धोखाधडी ठगी कर सोने के आभूषण ले लिए और फरार हो गये। उन्होंने बताया कि हमारी माताजी मुन्नी देवी पत्नी रामऔतार गुप्ता सोमवार को समय लगभग प्रात: 11.15 बजे 11.45 बजे के बीच अपने इंद्रा चौक स्थित निवास से अपने पुत्र के निवास, चंदौसी रोड पुलिया की ओर जा रही थीं। रास्ते में स्टेट बैंक के पहले से अचानक दो अज्ञात व्यक्ति उनके साथ चलने लगे और बातचीत करने लगे। बातचीत के दौरान उक्त व्यक्तियो ने किसी प्रकार से हमारी माताजी को अपने प्रभाव में लेकर उनके कानो के दो सोने के कुंडल तथा गले में सोने की जंजीर धोखाधड़ी ठगी कर ले ली और मौके से फरार हो गए। घटना सीसीटीवी में दिखाई दे रही है। इस घटना से हमारे परिवार को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है तथा हम अत्यंत चिंतित है। घटना की शीघ्र जांच कर उचित कानूनी कार्यवाही करते हुए आरोपियों को पकड़कर हमारे आभूषण बरामद कराएं। पुलिस का कहना है कि घटना को दर्ज कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

## बाबा साहेब के जन्मोत्सव पर सफाई पर विशेष ध्यान के निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर जन्म दिवस समारोह भव्यता पूर्ण मनाये जाने को प्रशासनिक स्तर पर की गई तैयारियों का डीएम ने जायजा लिया और शोभायात्रा वाले मार्ग व अन्य स्थानों पर कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई के विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा.राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि जहाँ जहाँ भी बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर जन्म दिवस कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं वह साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा नालियों तथा गलियों की भी विशेष साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी कार्यालय अध्यक्षों को भी अपने अपने कार्यालयों में 14 अप्रैल को प्रात: 10 बजे बाबा साहब के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। जबकि कलक्ट्रेट सभागार में भी प्रात: 10 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, जिला विकास अधिकारी राम आशीष आदि मौजूद रहे।

# एक दर्जन से अधिक बसों से रवाना हुआ बसपाइयों का काफिला

○बाबा साहेब के जन्मोत्सव कार्यक्रम में करेंगे प्रतिभाग

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने बसपाइयों का काफिला एक दर्जन से अधिक बसों से लखनऊ को रवाना हुआ। लखनऊ जाने से पूर्व बसपाइयों ने बाबा साहेब अमर रहें आदि नारे लगाए।

बसपा प्रमुख मायावती के निर्देश पर भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर का जन्मोत्सव लखनऊ के गोमती नगर स्थित सामाजिक परिवर्तन स्थल पर मनाया जायेगा। जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने और कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए बसपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा के नेतृत्व में टीमें कई दिनों से गांव-गांव और शहर में भीड़ जुटाने और लखनऊ चलने के लिए प्रेरित कर रही थीं। सोमवार को बसपाइयों का काफिला रवाना होने से पूर्व आदमपुर मार्ग स्थित हाजी रफतुल्ला उर्फ नेता छिददा के आवास पर बसपा कार्यकर्ताओं व सर्मथकों का हुजूम पहुंचना शुरू हो गया था। जबकि रवाना होने से पूर्व बसें भीड़ से खचाखच भर गयी थीं। देर सांय लगभग 9 बजे बसपाइयों के काफिले में शामिल बाबा साहेब के अनुयायी और बसपा कार्यकर्ता व सर्मथकों ने बाबा साहेब अमर रहे के नारे लगाए। तत्पश्चात बसपाइ बसों में सवार होकर लखनऊ के लिए बसपा जिलाधयक्ष सम्भल रविशंकर भारती के नेतृत्व में 14 बसों में सवार होकर रवाना हुए। इस दौरान रविशंकर भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि लखनऊ के सामाजिक परिवर्तन स्थल गोमती नगर में बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती रैली कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हाजी रफत उल्ला उर्फ छिद्दा, पूर्व जिलाधयक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संसार सिंह, डा. जगवीर सिंह, महेंद्र सैनी, मोहम्मद इब्राहिम सभासद, पूर्व मुकेश शुक्ला पूर्व सभासद आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।




सम्भल-बाबा साहेब के जन्मोत्सव में शामिल होने लखनऊ रवाना होता बसपाइयों का काफिला

## श्रद्धा व भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनेगा खालसा साजना दिवस

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** खालसा साजना दिवस बैसाखी पर्व गुरूद्वारा श्रीगुरूनानक दरबार में श्रृद्धा व उत्साह के साथ मनाया जायेगा। जानकारी देते हुउ सरदार कुलबीर सिंह ने बताया ि आज ही के दिन (बैसाखी) पर गुरू गोबिंग सिंह महाराज ने पंज प्यारों की साजना कर सिक्ख धर्म की नींव रखी थी। ऐंसा खालसा पंथ जिसकी हज़ारों लाखों में अलग पहचान हो सके। उन्होने बताया कि खालसा पंथ सेवा, सिमरन, लंगर, उच्च आर्दश, अच्छे अचरण वाला है। बैसाखी नई उमंग, उत्साह उल्लास व खुशियों का पर्व है। बैसाखी पर किसान अपनी मेहनत से तैयार फसल को घर लाकर गुरू महाराज को धन्यवाद देकर खुशियां मनाता है। प्रात: सुखनी साहिब का पाठ, महीन कीर्तन दरबार, निशान साहिब चोले की सेवा और दीवान समाप्ति पर गुरू का अटूट लंगर बरताया जायेगा। सेवादारों में हरदीप सिंह, गुरजीत सिंह, धर्मसिंह, अभीत सिंह, सतपाल सिंह, कुलवीर सिंह, दौलत राम, मुन्नालाल, विनोद, सचिन, दीप सिंह, सुरजीत, सुरेन्द्र कौर सेवा व सहयोगी रहेंगी।

# विहिप की महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर मनाया सीता अवतरण दिवस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हयात नगर के अयोया मंदिर में आज विहिप के तत्वावधान में माता सीता अवतरण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

हयात नगर स्थित अयोध्या मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में छोटी सी बच्ची को जानकी के रूप में सजाकर उसकी पूजा की गई। जिला संयोजिका दीपा बाष्णेय ने बताया कि सीता माता नारीशक्ति का सर्वोत्तम प्रतीक है। राजा जनक की पुत्री, भगवान राम की पत्नी और लक्ष्मी का अवतार मानी जाती हैं। सीता जी ने आजीवन दुखों में भी धैर्य धारण किया, पतिव्रत धर्म का पालन किया और स्वाभिमान के साथ अपनी पवित्रता साबित कर आदर्श स्थापित किया। रीता आर्य ने बताया कि बैशाख माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को मिथिला नरेश राजा जनक जब अकाल के दौरान भूमि को हल से जोत रहे थे, तब हल के नुकीले भाग (जिसे सीत) कहते हैं से एक कलश टकराया। उस कलश से एक अति दिव्य कन्या प्रकट हुई, जिसे राजा जनक ने अपनी पुत्री के रूप में स्वीकार किया। कार्यक्रम में अन्य महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## चन्दौसी के ग्राम पंचायत पचाक में बाबा साहेब की जयंती मनायेंगे कांग्रेसी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** चंदौसी विधान सभा के ग्राम पंचायत पचाक में सम्भल जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत रत्न बाबासाहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती मनायी जाएगी। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने सभी जिला कांग्रेस कमेटी सभी फ्रंटल के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस किसान कांग्रेस, नगर अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी, नेता तथा सभी कार्यकर्ता ग्राम पंचायत पचाक में पुंचने के निर्देश दिए।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-शासन से नामित सभासद का स्वागत करते सिरसी नगर पंचायत चेयरमैन।

## सै. शान की वफादारी दूसरों को भी देती है प्रेरणा:कौसर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर पालिका परिषद सम्भल के नामित सभासदएवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सय्यद शान अली का नगर पंचायत सिरसी के चेयरमैन कौसर अब्बास ने अपने आवास पर सोमवार को फूल मालायें एवं बुके देकर ज़ोरदार स्वागत किया। जबकि उनके द्वारा पार्टी के प्रति वफादारी एवं ईमानदारी से समर्पित होकर कार्य करने की जमकर प्रशंसा की। कौसर अब्बास ने कहा कि भाजपा हमेशा अपने वफादार कार्यकर्ताओं का मान सम्मान रखती है। हमारी पार्टी जिस तरह सबका साथ, सबका विकास के तहत काम करती उसकी तरह कभी कार्यकर्ताओं को मायूस नहीं होने देती। शान अली ने 33 साल पार्टी की सेवा की उनकी ईमानदारी आज भी दूसरों को प्रेरणा देती है।

## न्याय पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ने सौंपी जिम्मदारी

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम ठिलूपुरा निवासी राजवीर सिंह विश्वकर्मा के आवास पर पहुंचे न्याय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरदेव दत्त शर्मा का कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होने आगामी विधानसभा चुनाव को सफल बनाने व पार्टी की मजबूती के लिए जिलाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में न्याय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरदेव दत्त शर्मा ने आगामी विधाानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिले में संगठन का विस्तार करते हुए राजवीर सिंह विश्वकर्मा को जिलाध्यक्ष सम्भल, जयनारायण को उपाध्यक्ष, आनंद किशोर विधानसभा अध्यक्ष, सतेंद्र सिंह मंत्री, अन्नूराज कुमार व ओमप्रकाश सह संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी। प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आहवान किया। इसी के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को सफल बनाने के लिए उसकी तैयारियों में जुटने की अपील की।

# हिजामं की सुमन लता नगराध्यक्ष व रेखा शर्मा को महामंत्री का मिला दायित्व

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की बैठक में सुमन लता को नगर अध्यक्ष तथा रेखा शर्मा को महामंत्री चुना गया। एक सप्ताह में पूरी कार्यकारिणी घोषित करने को कहा। नगर के श्री सनातन धर्म मंदिर में आयोजित हिंदू जागृति मंच की बैठक में नीरू चाहल ने हिंदू जागृति महिला मंच की नगर कार्यकारिणी में सक्रियता लाने, सदस्य संख्या बढ़ाने तथा अन्य जिम्मेदारियां वहन करने की आवश्यकता पर बल देते हुए हिंदू जागृति महिला मंच की नगर कार्यकारिणी गठित करने को कहा। बबीता भारद्वाज ने हिंदू जागृति महिला मंच के लिए मंडी किशन दास सराय निवासी सुमन लता को नगर अध्यक्ष तथा कोट पूर्वी निवासी रेखा शर्मा को नगर महामंत्री मनोनीत करने का प्रस्ताव रखा। बबीता भारद्वाज, मीनू रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, ज्योति गुप्ता, शोभा गर्ग, अरविंद शंकर शुक्ला, अंकुर रस्तोगी, विकास कुमार वर्मा, मनीष गर्ग, शलभ रस्तोगी,दिनेश कुमार शर्मा आदि ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपनी बात रखी। मंच के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल ने सुमन लता को नगर अध्यक्ष तथा रेखा शर्मा को नगर महामंत्री का दायित्व सौंपने की घोषणा की। सुबोध कुमार गुप्ता ने सभी सदस्यों को देश धर्म समाज को समर्पित रहकर कार्य करने का संकल्प दिलाया। बैठक की अध्यक्षता अजय कुमार शर्मा ने की और संचालन मीनू रस्तोगी ने किया।

## सांसद आदित्य यादव बाबा सहेब की प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के बदायूं लोकसभा क्षेत्र के सांसद आदित्य यादव 14 अप्रैल को संसदीय क्षेत्र बदायूं में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभाग करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार सांसद आदित्य यादव प्रात: 10 बजे विधानसभा क्षेत्र बिल्सी में डा. भीम अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अपने दौरे की शुरुआत करेंगे। इसके उपरांत कई अन्य स्थानों पर कार्यक्रम के बाद दोपहर 2 बजे गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के गवां में आयोजित डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती की शोभायात्रा में शामिल होंगे। अपराह्न 3 बजे वह बबराला स्थित डा. अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। यह जानकारी उनके निजी सचिव अनिल गोस्वामी ने दी है।

# हमारा वर्तमान ही हमारे भविष्य का निर्माता है

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा आयोजित साप्ताहिक सोमवारीय महाकालेश्वर यज्ञ के बाद यज्ञाचार्य डा. नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा कि हमारे वर्तमान काल मे किये गये कर्म ही हमारे भविष्य का निर्माण करते है। उन्होने कहा की सृष्टि रचना के समय ही विधाता ने सृष्टि संचालन को यह नियम बनाया की जो जीव सृष्टि मे जन्म लेकर जैसे कर्म करेगे अपने उन्ही शुभ अशुभ व मिश्रित कर्मो के अनुसार सुख दुख मिश्रित फलो को प्राप्त करेगे। अर्थात भविष्य मे सुखो दुखो के लिए वर्तमान में किये गये कर्म ही जिम्मेदार रहेगे, क्योंकि जो कर्म हम इस समय कर रहे हैं। वह क्रियामण कहलाते हैं और यही कर्म संचित होकर जब प्रारब्ध बनकर हमारे भाग्य में बदलकर हमारे जीवन में फल प्रदान करते हैं। इससे यह सिद्ध हो जाता है कि वर्तमान में कर्म करने को अच्छे बुरे कर्मो का चुनाव करना ही हमारे भविष्य का निर्माण करता हैं। इस दौरान राज कपूर राहुल भीकम सरन आनंद सैनी लाला भूकन सरन यशवर्धन मनोज श्रीमाली रुद्रांश श्रीमाली सूर्याश श्रीमाली अश्विनी श्रीमाली रामवीर शर्मा कैलाश चन्द्र कृष्णा मोहन जितेन्द्र गुप्ता सहित समिति सभी पदाधिकारी व महिला मंडल से रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज श्रीमाली लक्ष्मी श्रीमाली आरती श्रीमाली रिया श्रीमाली आंचल श्रीमाली शिवम श्रीमाली सलोनी देवी राखी देवी पूजा श्रीमाली साधक साधिकाए मौजूद रहे।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में किया छात्राओं को जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर के कस्तूरबा गांधी गुन्नौर व प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत बालिकाओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को सुरक्षा को लेकर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और उनके उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एसआई गुरजिंदर कौर ने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों के साथ-साथ आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 (महिला हेल्पलाइन) 112 (आपातकालीन सेवा) और 1098 (चाइल्डलाइन) के बारे में विस्तार से बताया। पुलिस अधिकारियों ने छात्रओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक रहने, सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का भी आग्रह किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं के उत्तर प्राप्त किए।



बबराला- विद्याकुंज में बैसाखी पर्व पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते बच्चे।

## विद्याकुंज में मनाया बैसाखी पर्व

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर स्थित विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में बैसाखी का पर्व बड़े ही धूमधााम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अतुल गोयल ,कपिल गोयल ,कार्तिक गोयल ने बच्चों का उत्साहवर्धान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें दृष्टि, राधिका, ने पंजाबी गानों पर डांस किया। वंशिका नित्यम ,देवांश,रितिक ,कुमार आदित्य इत्यादि में बढ़ चढ़कर भाग लिया। वही स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चे पंजाबी पोशाक में बड़े ही मनोहर लग रहे थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों को बैसाखी क्यों मनाते हैं। इसके मनाने का क्या कारण है। इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों का मनोबल बढ़ाया और उनके कार्य क्या की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक विनीता अग्रवाल,सोनल शर्मा, मीनल, मीनाक्षी ,रीता, सीमा सिसोदिया ,श्वेता गुप्ता, अंजली,शवनाज, वर्तिका ,समीक्षा, नेहा, कुमकुम ,अपूर्वा,अमित इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खदीजा खालिक ने किया।

## कक्षा में स्थान पाने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्राओं को मेडल, कॉपी, किताबें और पेन दिया। उन्हेंने कहा कि आपका परीक्षाफल आपके साथ हम सभी की एक वर्ष की मेहनत का परिणाम है। छात्राएं माता-पिता के साथ शिक्षक का भी सम्मान करें। पूरा विद्यालय परिवार आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। इस दौरान विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# दिवंगत कांग्रेस नेत्री ने पार्टी और संगठन को दी थी नई ऊर्जा: आरिफ

○मोहसिना किदवई के इंतेकाल पर शोकसभा में मगफिरत की दुआ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता मोहसिना किदवई के इंतेकाल पर कांग्रेस कार्यालय पर शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा में दिवंगत नेत्री की मगफिरत की दुआ करायी गयी।

चन्दौसी रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित शोकसभा में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मोहसिना किदवई के अकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। सभा में धर्म गुरुओं ने उनकी मगफ़िरत के लिए दुआ की।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आम जनता ने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रृद्धांजलि अर्पित की जबकि दो मिनट का मौन रखा। जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने मोहसिना किदवई के जीवन और उनके अविस्मरणीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि मोहसिना किदवई का जन्म 1 जनवरी 1932 को उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में हुआ था। वे कांग्रेस पार्टी की एक दिग्गज और सम्मानित नेता थीं, जिन्होंने छह दशकों से अधिक समय तक पार्टी की सेवा की। वह मेरठ लोकसभा क्षेत्र से तीन बार सांसद चुनी गईं और मेरठ की पहली महिला सांसद के रूप में इतिहास रचा। जबकि दो बार राज्यसभा सदस्य भी रहीं। उन्होने प्रमुख योगदान इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की करीबी सहयोगी केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में कई महत्वपूर्ण मंत्रालय संभाले। 1970 के दशक में आपातकाल के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष बनकर उन्होंने पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। पूरे प्रदेश का दौरा कर कार्यकर्ताओं को जोड़ा और संगठन को नई ऊर्जा दी। वे कांग्रेस कार्य समिति सी डब्ल्यू सी की सदस्य रहीं तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव के रूप में भी कार्य किया। पार्टी के संगठन, रणनीति और युवा नेताओं के मार्गदर्शन में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।वे सादगी, ईमानदारी और जनसेवा की मिसाल थीं। महिलाओं और अल्पसंख्यक समुदाय को प्रतिनिधित्व के रूप में उन्होंने हमेशा सामाजिक न्याय और सेकुलर मूल्यों को मजबूत किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोहसिना किदवई का पूरा जीवन देश सेवा और कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। उनका निधन कांग्रेस पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी यादें हमें हमेशा प्रेरित करती रहेंगी। हम उनके आदर्शों पर चलते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लेते हैं। सभा में जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर पवन कठेरिया कोसुभ रस्तोगी सफी सैफी सलमान तुर्की अंजार मंसूरी डा. मरगूब अहमद अंजार तुर्की निसार अहमद नोमान हैदर मुशर्रफ हुसैन इकबाल हुसैन, अनीस अहमद जब्बार हुसैन साजिद हुसैन तालिब ,मिंजर हुसैन आदि मौजूद रहे।



सम्भल-पूर्व केंद्रीय मंत्री व वयोवृद्ध कांग्रेस नेत्री मोहसिना किदवई के इंतेकाल पर मगफिरत की दुआ करते कांग्रेसी।

# एसएम कॉलेज में होगी 'कल्कि: संभल' फिल्म की शूटिंग, तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** संभल में हुए दंगों की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म 'कल्कि: संभल' की शूटिंग को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर के एस.एम. डिग्री कॉलेज में लगभग छह दिनों तक फिल्म की शूटिंग की जाएगी। शूटिंग के दौरान कलाकारों और तकनीकी टीम को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कॉलेज परिसर और प्रवेश द्वार पर पुलिस बल तैनात रहेगा। फिल्म के डायरेक्टर भारत एस. श्रीनेत ने बताया कि एस.एम. कॉलेज एक ऐतिहासिक संस्थान है, जिसकी स्थापना अंग्रेजों के समय में हुई थी और यहां से कई प्रतिष्ठित अधिकारी, कवि एवं राजनेता निकले हैं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के माध्यम से संभल के अतीत और दंगों की पृष्ठभूमि को दर्शाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही यह भी दिखाया जाएगा



कि समय के साथ क्षेत्र के सामा. जिक परिवेश में क्या बदलाव आए हैं। फिल्म में 1978 के दंगों, उस समय की परिस्थितियों, पलायन और सामाजिक बदलावों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। डायरेक्टर के अनुसार, यह फिल्म आम जनता के सामने उन पहलुओं को लाने का प्रयास है, जो अब तक छिपे रहे। शूटिंग 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक महाविद्यालय के सांस्कृतिक हॉल एवं रानी रामकली हॉस्टल में की जाएगी। इस संबंध में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव ने बताया कि डायरेक्टर द्वारा प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद शूटिंग की अनुमति प्रदान कर दी गई है। फिल्म में 'भाईजान' और 'अब्बाजान' जैसे प्रमुख किरदारों के माध्यम से कहानी को दर्शाया जाएगा।

# नंद समाज के अधिवेशन में समाज को संगठित करने पर दिया जोर

कांठ(शाह टाइम्स) नंद समाज का सातवां अधिवेशन टूंडला के कृष्णा फूड प्लाजा में संपन्न हुआ जिसमें सहभागिता करके आए मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश चंद्र उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा तथा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जय भगवान सेन ने सम्राट महापदम नंद के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया। अध्यक्षता जिला संरक्षक एनसी वर्मा ने की संगठन के संस्थापक अरुण कुमार दादू ने समाज में एक जुटता को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि वही समाज की मजबूती का आधार है।

प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि एकता से आपसी सहयोग और विश्वास बढ़ता है और सामाजिक समस्याओं का



समाधान संभव है। डॉ अरुण सैन ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित किया। विनोद चंदेल ने संवाद बढ़ाने पर जोर दिया और दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष जय भगवान सैन ने सामाजिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा और समाधान की बात कही। मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार से नदी समुद्र से मिलकर एक हो जाती है उसी प्रकार से हम सब टुकड़ों में ना बंटकर एक हो जाए तो समुद्र बनकर प्रधानमंत्री मोदी को सहयोग कर अपनी हिस्सेदारी मजबूत कर सकते हैं। इस मौके पर समाज के काफी लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### इकबाल के पत्र पर अधिशासी अभियंता ने उपखंड अधिकारी को दिए खराब खंबे हटाने के निर्देश

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत को भेजे गए पत्र पर संज्ञान लेते हुए उपखंड अधिकारी को खराब खंबे हटवाए जाने के निर्देश दिए हैं।



बतादे की नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर में खड़े खराब तथा अनुपयोगी विद्युत पोलों को हटाए जाने की मांग की थी। और इनसे होने वाली दुर्घटनाओ को लेकर भी आगाह किया था उन्होंने कहा था कि नगर के विभिन्न मार्गों पर खराब खंबे खड़े हैं जिनसे सड़के तंग हो गई हैं और इनसे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।उन्होंने हाईवे के सड़क चौड़ीकरण का मुद्दा उठाते हुए भी इन खम्बो को हटाए जाने की मांग की थी। जिस पर अधिशासी अभियंता देवेंद्र कुमार ने उपखंड अधिकारी को पत्र लिखकर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने के लिए निर्देशित किया है।

### अधिकारियों के निरीक्षण में सब ओके उसके बाद हरे चारे में भी टोटे

**कांठ( शाह टाइम्स )** गौशालाओं में किए जाने वाले अधिकारियों के निरीक्षण में सब ओके मिलता है लेकिन बाद में गौ रक्षको को गौशालाओं में हरे चारे के टोटे दिखाई देने लगते हैं प्रदेश सरकार द्वारा गौशालाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं जिनके माध्यम से अधिकारी गौशालाओं का ऑनलाइन



निरीक्षण करते रहते हैं और क्षेत्र के अधिकारियों को भेजते हैं आज रायपुर खुर्द की गौशाला में डॉक्टर जगदीश प्रसाद एडी पशुपालन विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया इसमें गोवंशों को उचित मात्रा में हरा चारा मिलता दिखाई दिया और बताया गया कि सरकार द्वारा गौशाला को हरे चारे के लिए दी गई भूमि पर भी चारे की बुबाई कर पर्याप्त मात्रा में हरा चारा मिल रहा है। बतादें कि इस समय गौशाला में 158 गोवंश संरक्षित हैं गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंचुए से तैयार की गई वर्मी कंपोस्ट खाद का भी उत्पादन शुरू कर दिया गया है। ताकि गौशाला को अतिरिक्त आमदनी हो सके सरकार के निर्देश है की गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए निरीक्षण के दौरान गौ सेवक विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सड़क के चौड़ीकरण में बाधक खम्बो को हटाए जाने के लिए एसडीएम ने लिखा उच्च अधिकारी को पत्र

**कांठ( शाह टाइम्स )** खंबे हटाए जाने के अभाव में रुके पड़े सड़क के चौडीकरण का कार्य पूरा करने के लिए आज लोगों की मांग पर एसडीएम ने उच्च अधिकारी को पत्र लिखा जिसमें कहा गया कि कांठ नगर के मुख्य मार्ग पर करीब 800 मीटर सड़क के चौडीकरण का काम कई महीनो से रुका पड़ा है जिसकी वजह से सड़क का आधा हिस्सा बन चुका है लेकिन आधा हिस्सा पुरानी हालत में है। चौड़ीकरण के कारण सड़क किनारे पड़े पत्थरो पर बाइक के आए दिन फिसलने से बाइक सवार चोटिल होते रहते हैं और इससे किसी दिन बड़ी घटना घटित होने पर नगर में शांति भंग भी हो सकती है।

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण करने वाले विभाग के द्वारा मानको की अनदेखी की जा रही है और बिजली की लाइन शिफ्ट होने के बाद भी यह खाली खड़े खंबे सड़क निर्माण में बाधक बने हुए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारी से इस संबंध में दूरभाष पर भी वार्ता कर इस रुके कार्य को जल्द पूरा कराई जाने के लिए कहा है।

### बिजली की समस्याओं के समाधान को 16 में लगेगा कैंप

**कांठ( शाह टाइम्स )।** बिजली की निरंतर बढ़ती जा रही समस्याओं के समाधान को लेकर मंडल आयुक्त के निर्देश पर बिजली विभाग 16 अप्रैल को नगर पंचायत कार्यालय में एक कैंप का आयोजन करेगा उक्त जानकारी अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल द्वारा दी गई। बताया गया कि मंडल आयुक्त की ग्रामीण चौपाल के दौरान गढ़ी ग्राम पंचायत में 80 प्रतिशत मामले बिजली विभाग से संबंधित सामने आए जिनकी वजह से किसी और तरह की शिकायतों की सुनवाई नहीं हो सकी इस पर नाराजगी जताते हुए मंडल आयुक्त अनजाने कुमार सिंह ने बिजली विभाग को विद्युत कैंप लगाकर इन समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए थे। इसके लिए विद्युत विभाग ने 16 अप्रैल का दिन निश्चित किया है उस दिन नगर पंचायत कार्यालय में लगे कैंप में उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनकर समाधान कराया जाएगा विद्युत विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं से इस मौके पर आकर अपनी शिकायतें रखने का भी आवाहन किया है।

### मोहसिना किदवई के निधन पर शोक सभा आयोजित

**कांठ( शाह टाइम्स )** कांग्रेस की नेता मोहसिना किदवई के निधन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने शोक सभा आयोजित की और उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित शोकसभा में बताया गया कि 8 अप्रैल को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मो.



हसिना किदवई का निधन हो गया था जिनकी आत्म शांति के लिए आज कांग्रेसी इकट्ठा हुए और उनके द्वारा की गई देश की सेवा और कार्यों को लेकर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी मास्टर परम सिंह सैनी सीपी सिंह मौलाना रईसुद्दीन अर्जुन सिंह शरीफ आजाद दिनेश दीवान मेहर सिंह छत्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### रोलर स्केटिंग में नन्ही छात्रा ऐश चौधरी ने जीता गोल्ड

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी की यूकेजी छात्रा ऐश चौधरी ने आगरा में आयोजित 'प्रथम ओपन-आगरा जोनल रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप 2026' में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय और जिले में खुशी की लहर है। कोच हर्ष राणा के मार्गदर्शन में ऐश ने यह सफलता पाई। चन्दौसी लौटने पर जिलाधिकारी ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या संगीता भार्गव ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# पैंक्रियाज से जुड़ी जटिल बीमारियों में सर्जरी बचाती है जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पैंक्रियास शरीर का एक बेहद महत्वपूर्ण अंग है, जो पाचन प्रक्रिया और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। पैंक्रियाटाइटिस, सिस्टिक लीजन और पैंक्रियाटिक कैंसर जैसे रोग न केवल जीवन की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं, बल्कि कई मामलों में जान के लिए भी खतरा बन सकते हैं। कुछ स्थितियों में दवाओं या एंडोस्कोपिक ट्रीटमेंट से राहत मिल जाती है, लेकिन कई गंभीर रोगों में सर्जरी ही सबसे प्रभावी और निर्णायक इलाज साबित होती है। आधुनिक लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक तकनीकों तथा बेहतर पेरिऑपरेटिव केयर के कारण आज पैंक्रियास की सर्जरी पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और सफल हो चुकी है। हर पैंक्रियाटिक डिजीज में सर्जरी की जरूरत नहीं होती, लेकिन कुछ विशेष परिस्थितियों में यह अनिवार्य हो जाती है।

एक्यूट नेक्रोटाइजिंग पैंक्रियाटाइटिस के उन मरीजों में, जहां संक्रमित कलेक्शन दवाओं और इंटरवेंशनल ट्रीटमेंट से ठीक नहीं होते, या आंत में नेक्रोसिस और परफोरेशन जैसी कॉम्प्लीकेशन्स हो जाती हैं, वहां सर्जरी जरूरी हो जाती है। इसी तरह पैंक्रियाटाइटिस से जुड़ा प्स्यूडोसिस्ट, लंबे समय से दर्द, वजन न बढ़ पाना या अन्य



कॉम्प्लिकेशंस भी सर्जिकल ट्रीटमेंट की ओर ले जाते हैं। क्रॉनिक पैंक्रियाटाइटिस में जब लगातार सूजन के कारण तेज दर्द, रुकावट या बार-बार जटिलताएं होती हैं, तब सर्जरी लंबे समय तक राहत दे सकती है और आगे होने वाले नुकसान को रोकती है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के जीआई एवं एच.पी.बी. सर्जरी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. राजेश कपूर ने बताया "पैंक्रियाटिक कैंसर के मामलों में, यदि ट्यूमर लोकलाइज्ड और ऑपरेबल हो, तो सर्जरी ही इलाज की बुनियाद होती है। यह अक्सर कीमोथेरेपी या रेडिएशन के साथ मिलकर किए जाने वाले मल्टी-मॉडैलिटी ट्रीटमेंट का पहला और सबसे अहम कदम होता है। इसके अलावा कुछ पैंक्रियाटिक सिस्ट और न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर में कैंसर बनने की संभावना होती है। ऐसे में यदि ये सिस्ट बड़े हों, लक्षण पैदा कर रहे हों या स्कैन में संदिग्ध दिखें, तो इन्हें सर्जरी से निकालना बेहतर माना जाता है। गंभीर पैंक्रियाटिक ट्रॉमा, खासकर डक्ट की चोट या ज्यादा ब्लीडिंग होने पर भी सर्जरी की आवश्यकता पड़ सकती है। सही समय पर सर्जन से सलाह लेने से इलाज के नतीजे काफी बेहतर हो सकते हैं।" डॉ. राजेश ने आगे बताया "बीमारी की जगह और गंभीरता के अनुसार पैंक्रियास की अलग-अलग सर्जरी की जाती हैं। पैंक्रियाटिक नेक्रोसेक्टॉमी मिनिमली इनवेसिव या ओपन तरीके से की जा सकती है। रोबोटिक, लैप्रोस्कोपिक या हैंड-असिस्टेड तकनीकों से की गई सर्जरी में मरीज जल्दी रिकवर करता है, दर्द कम होता है और अस्पताल में रहने की अवधि भी घटती है, जबकि कॉम्प्लेक्स केसेस में ओपन सर्जरी आज भी प्रभावी विकल्प बनी हुई है। पैंक्रियाज के हेड में ट्यूमर होने पर व्हिपल प्रोसीजर किया जाता है, जिसमें पैंक्रियाज के हिस्से के साथ पेट, डुओडनम, बाइल डक्ट और गॉल ब्लैडर के कुछ भाग निकाले जाते हैं।

# न्यायमूर्ति सौरव श्याम शमशेरी का आत्मीय स्वागत


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आज जनपद मुरादाबाद आगमन पर माननीय न्यायमूर्ति श्री सौरव श्याम शमशेरी (हाई कोर्ट इलाहाबाद) का आत्मीय स्वागत किया गया। वह अपने चाचा जी डॉ. ए.पी. शमशेरी से मिलने एवं उनका हालचाल जानने हेतु निजी कार्यक्रम के अंतर्गत मुरादाबाद पधारे थे।इस अवसर पर दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी, मुरादाबाद के सदस्यों द्वारा माननीय न्यायमूर्ति का स्वागत किया गया।

स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व माननीय न्यायमूर्ति के बड़े भाई एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री नवनीत शमशेरी एडवोकेट द्वारा किया गया। इस दौरान एडवोकेट पुष्प यादव, एडवोकेट अचल शर्मा, एडवोकेट नीरज पाल, एडवोकेट सुमित टंडन, एडवोकेट शुभम शर्मा सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान न्याय व्यवस्था, अधिवक्ताओं की भूमिका एवं न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सरल, त्वरित एवं पारदर्शी बनाए जाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। अधिवक्ताओं ने न्यायालयों में तकनीकी सुविधाओं के विस्तार, लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण तथा आमजन को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। माननीय न्यायमूर्ति सौरव श्याम शमशेरी ने कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था के दो मजबूत स्तंभ हैं, जिनके समन्वय से आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होता है। उन्होंने निष्पक्ष, समयबद्ध एवं सुलभ न्याय व्यवस्था को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा सभी उपस्थितजनों ने डॉ. ए.पी. शमशेरी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि उनका स्नेह, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद सदैव बना रहे।



# मोहित को विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा में मिली प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसील क्षेत्र के गांव छजुपुरा निवासी मोहित कुमार को विश्व हिंदू महासंघ में गौरक्षा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है बताया गया कि मेरठ के पश्चिम कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें राष्ट्रीय संरक्षक देवेंद्र प्रताप तोमर प्रदेश प्रभारी गौ रक्षा विश्व हिंदू महासंघ संजीव अग्रवाल भानु प्रताप सिंह प्रदेश महामंत्री भारत अमित ठाकुर के निर्देश पर तूलिका शर्मा प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मोनू चौहान मंडल प्रभारी सोनू सुमन जिला अध्यक्ष की मौजूदगी में गोरक्षा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। इस उपलब्धि पर लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी और अपने काम को कर्तव्य और निष्ठा के साथ अंजाम दिए जाने का आह्वान किया।

# डॉ. आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर जिला बार एसोसिएशन में विचार गोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर जिला बार एसोसिएशन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला और स्वतंत्रता से पूर्व तथा स्वतंत्रता मिलने के बाद समाज परिवर्तन के लिए किए गए उनके सामाजिक कार्यों की चर्चा की।

मुख्य वक्ता अजय गुप्ता, डीजीसी सिविल ने कहा कि संविधान निर्माण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। जिस प्रकार उन्होंने संविधान में नागरिकों को अधिकार प्रदान किए, उसी प्रकार नागरिक कर्तव्य भी दिए।इस गोष्ठी को चौधरी अनिल पाल सिंह, जयवीर सिंह, ठाकुर सोमपाल सिंह, ललित अरोड़ा, ध्रुव सक्सेना, हर स्वरूप, गोपाल कृष्ण, चौतन्य पाल सिंह, भीकम सिंह सैनी, गजराम सिंह आदि ने भी संबोधित किया।गोष्ठी की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हर प्रसाद ने की तथा संचालन महामंत्री सरदार प्रकाश वीर सिंह ने किया।

# टीएमयू में मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज पर नेशनल कॉन्फ्रेंस आज से, जुटेंगे प्रख्यात विशेषज्ञ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के एप्लाइड साइंसेज विभाग की ओर से मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज-एनसीएमडी 2026 का छठां दो दिनी राष्ट्रीय सम्मेलन 14 और 15 अप्रैल होगा। यह सम्मेलन मैटेरियल साइंस एवं डिवाइस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रोफेसरों वैज्ञानिकों शोधकर्ताओं इंजीनियरों एवम् उद्योग प्रति. निधियों को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपने नवीनतम शोध कार्य विचार और तकनीकी नवाचार प्रस्तुत कर सकेंगे। सम्मेलन का शुभारंभ टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन की गरिमामयी उपस्थिति में होगा। मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर हैदराबाद के निदेशक प्रो. प्रकाश चौहान और विशिष्ट अतिथि के रूप में इलेक्ट्रॉनिक्स सर्विस एंड ट्रेनिंग सेंटर नैनीताल के प्रिंसिपल डायरेक्टर दिनेश चंद्रा उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन एवम् कॉन्फ्रेंस चेयर प्रो. आरके द्विवेदी के मार्गदर्शन में हो रहा है। डॉ. डिप्टोनिल बनर्जी एवम् डॉ. पराग अग्रवाल- संयोजक और डॉ. पवन कुमार सिंह- सह-संयोजक की भूमिका में हैं। सम्मेलन में प्रमुख कीनोट वक्ताओं में लखनऊ यूनिवर्सिटी से प्रो. सतेन्द्र पाल सिंह




और जादवपुर यूनिवर्सिटी से प्रो. कल्याण के. चट्टोपाध्याय शामिल हैं। ये विद्वान ऊर्जा सामग्री सुपरकैपेसिटर ,उन्नत सेंसर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त आमंत्रित वक्ताओं के रूप में प्रो. अनुज कुमार, डॉ. प्रवीन कुमार, प्रो. शिव कुमार चक्रवर्ती, डॉ. बिस्वजीत साहा सहित कुल 11 हस्तियां शामिल हैं।

ये वक्ता नैनोटेक्नोलॉजी, ऑप्टिकल मैटेरियल्स, आयन-मैटर इंटरैक्शन ,बायोमेडिकल एप्लिकेशन जैसे समसामयिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। सम्मेलन में कुल 160 शोध प्रस्तुत होंगे, जबकि 35 पोस्टर्स प्रेजेंट किए जाएंगे। यह विविध प्रस्तुतियां शोधार्थियों एवं विशेषज्ञों के बीच ज्ञान-विनिमय और नवाचार को प्रोत्साहित करेंगी। देश के विभिन्न राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, त्रिपुरा आदि से प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता इस सम्मेलन को व्यापक स्वरूप प्रदान कर रही है।

## विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया बैसाखी उत्सव

**चन्दौसी।** स्थानीय विद्यालय में बैसाखी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे बच्चों ने पतंग सजावट गतिविधि में रंग-बिरंगी पतंगों को सजाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। वहीं यूकेजी के विद्यार्थियों ने गेहूं चिपकाने की गतिविधि के माध्यम से फसल पर्व के महत्व को समझा। इसके अलावा बच्चों ने पारंपरिक गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय की निर्देशिका अलका मंगलम ने बच्चों को बैसाखी के महत्व और इससे जुड़ी परंपराओं की जानकारी दी। प्रधानाचार्या अर्चना सिरोही ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी उत्साह के साथ सीखने के लिए प्रेरित किया। यह उत्सव बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक, सांस्कृतिक और आनंदमय रहा।



## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत जनपद संभल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को चौपाल का आयोजन कर बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान महिला सुरक्षा, अधिकारों एवं समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित वातावरण देने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही मिशन शक्ति-5.0 (द्वितीय चरण) के तहत एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर अभियान चलाकर जागरूकता फैलाई गई। पुलिसकर्मियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के संबंध में जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक कर उन्हें सशक्त बनाना है।

## जलियांवाला बाग शहीदों को श्रद्धांजलि, अंबेडकर जयंती व खालसा स्थापना दिवस मनाया

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान (भारत) के संयुक्त तत्वावधान में कृष्णा नगर स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर में जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को मोमबत्ती जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

साथ ही खालसा पंथ स्थापना दिवस और डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कवि माधव मिश्र ने बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड की भयावहता और देशभक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बाबा साहब के जीवन व उनके 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' संदेश को अपनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता जीवन दास शर्मा ने की व संचालन अरविंद कुमार ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत व कविताएं प्रस्तुत कीं।

## चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 1.705 किलोग्राम अवैध चरस बरामद की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि अधिक मुनाफे के लालच में वे इस अवैध धंधे में शामिल हो गए थे।

# फैक्ट्रियों की राख बन रही आंखों की बीमारी का कारण, कार्रवाई न होने से बढ़ी चिंता


**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में फैक्ट्रियों से निकलने वाली राख अब लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। खासकर आंखों से जुड़ी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे स्थानीय लोग परेशान और चिंतित हैं। जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड की फैक्ट्रियों से निकलने वाली राख को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए ठाकुरद्वारा क्षेत्र में लाकर सड़क किनारे और खाली पड़ी जमीनों पर डाला जा रहा है। हवा चलने पर यही राख उड़कर लोगों के घरों और आंखों तक पहुंच रही है, जिससे जलन, खुजली और संक्रमण जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्रपाल , नागेंद्र लावां आदि कार्यकर्ताओं ने इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने भी इस मुद्दे को उठाते हुए राख डालने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की थी ।लेकिन स्थानीय प्रशासन मैं कोई भी काली रख का कारोबार करने वाले माफिया के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कि जिस कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भारी असर पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि के पिछले काफी समय में आंखों के मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर स्वच्छता अभियान

**कुंदरकी।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर ग्राम जटपुरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अंबेडकर प्रतिमा की साफ-सफाई कर दीप प्रज्वलित किए गए।कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक समरसता के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने समाज में ऊंच-नीच और भेदभाव का विरोध किया तथा देश को छुआछूत से मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विधायक ने आगे कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शोषित और वंचित वर्ग को उनके संवैधानिक अधिकार दिलाने में अहम योगदान दिया।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, छत्रपाल जाटव, तुलसी जाटव, अमरीश सागर, शिवम सागर, कमलदीप, अमित सागर, सुन्दरम सागर, बिजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



## टिमिट में महिला सशक्तिकरण पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत वुमन एंपावरमेंट टॉक का सफल एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय एंपावरमेंट वूमेन एंपावरमेंट नेशन रहा, जिसका उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर, जागरूक और आत्मविश्वासी बनाना था।मुख्य वक्ता डॉ. मधुबाला त्यागी, प्राचार्य, कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज, ने अपने प्रभावशाली और प्रेरणादायक वक्तव्य से छात्राओं को गहराई से प्रभावित किया।

उन्होंने कहा कि "महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है। जब तक महिलाएं शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी नहीं होंगी, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है।"

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी, नीति निर्माण होगा अधिक समावेशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत सोमवार को सिविल लाइन स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में समाज की प्रभावशाली महिलाओं द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।पत्रकार वार्ता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और नीति निर्माण अधिक संवेदनशील व जन-केंद्रित होगा। उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं को "भागीदार" से "निर्णयकर्ता" बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा।सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की ट्रस्टी शिखा गुप्ता ने कहा कि जब नारी सशक्त होती है, तो समाज और राष्ट्र दोनों मजबूत होते हैं। उन्होंने बताया कि पंचायतों में पहले से ही लगभग 46 प्रतिशत महिला प्रतिनिधित्व है, जो इस दिशा में सकारात्मक संकेत है। उनके अनुसार, यह कानून सामाजिक न्याय और समान अवसर का प्रतीक है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत की महिला समन्वय प्रांत सह संयोजिका मेजर डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाए गए इस अधिनियम को ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल कानून नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान का राष्ट्रीय संकल्प है।महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतू रस्तोगी ने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना महिला नेतृत्व के बिना अधूरा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, लेकिन राजनीतिक प्रतिनिधित्व अभी भी संतुलित नहीं है, जिसे यह कानून दूर करेगा।आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़ी योग प्रशिक्षिका रितु नारंग ने पिछले वर्षों में महिला सशक्तिकरण के सकारात्मक आंकड़े साझा किए, जिनमें करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते, स्वयं सहायता समूहों में भागीदारी और योजनाओं का लाभ शामिल है।

इस अवसर पर भाजपा महानगर महामंत्री विशाल त्यागी, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, मीडिया प्रभारी अर्चित गुप्ता, जिला महामंत्री नवीन चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मयूर भाटिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डॉ. आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर प्रतिमा स्थल पर सफाई कर किए दीप प्रज्वलित

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी रामगंगा विहार मंडल की ओर से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर नया गांव स्थित आंबेडकर धर्मशाला में उनकी प्रतिमा के समक्ष साफ-सफाई की गई और दीप प्रज्वलित कर नमन किया गया। कार्यकर्ताओं ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महानगर महामंत्री अमित शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब ने शशिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करोश का मूलमंत्र दिया।मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के उनके आदर्शों को समर्पित है। 14 अप्रैल को देशभर में सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं।महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता ने बताया कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी ने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वंचित वर्गों के लिए संघर्ष किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, कार्यक्रम संयोजक शिवम प्रकाश, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, पार्षद दल उपनेता सुरेंद्र विश्नोई, मयंक कश्यप, अनूप महरोत्रा, नीरज शर्मा, संजीव शर्मा, शशि किरण आदि क्षेत्रवासी शामिल रहे।



### नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 दी जानकारी



**मुरादाबाद (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के सम्बन्ध मे हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज की स्वयं सेवक इकाई द्वारा मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज मे छात्राओं एवं स्टॉफ के साथ विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 की विस्तृत जानकारी दी और बताया की इस बड़ी उपलवधि का श्रेय हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। इस अवसर पर कॉलेज प्रवक्ता आफताब आलम, प्रधानाचार्या श्रीमती रहमत बी व अन्य स्टॉफ मौजूद रहा. सभी उपस्थित छात्राओं एवं स्टॉफ ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया।

### घटिया सामग्री से बन रही थी सड़क!

**चन्दौसी।** नगर में सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा, जिसके कारण सड़कें समय से पहले ही जर्जर हो जाती हैं और जनता का टैक्स का पैसा व्यर्थ चला जाता है। शहर के मोहल्ले शीकरी गेट में तारकोल और बजरी से सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने देखा कि निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। इस पर उन्होंने ठेकेदार से शिकायत की, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर लोगों ने विरोध जताया और कार्य रुकवाने की मांग की। सूचना मिलने पर चेयरमैन पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी मौके पर पहुंचे और निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने के निर्देश दिए। लोगों ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के कारण सड़क निर्माण में भारी अनियमितताएं हो रही हैं, जिससे टिकाऊ सड़कें बन पाना मुश्किल हो गया है। मामले की जानकारी मिलते ही नगरपालिका चेयरमैन और जेई ने तत्काल संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। जांच के दौरान निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाए जाने पर अधिकारियों ने सख्त कार्रवाई करते हुए घटिया तरीके से बनाई जा रही सड़क को बुल्डोजर से उखड़वा दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अक्सर रात के अंधेरे में इस तरह के निर्माण कार्य कर ठेकेदार निकल जाते हैं, जिससे गुणवत्ता की जांच नहीं हो पाती। लोगों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही न हो और जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



### अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह की तैयारी पूरी, बदहाल सड़क ने बढ़ाई मुश्किलें

**चन्दौसी।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मोत्सव आज नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मालगोदाम रोड स्थित अंबेडकर पार्क में भव्य कार्यक्रम की तैयारियां की गई है। पार्क में रंग-रोगन का कार्य तेजी से किया गया है। तैयारियों का जायजा लेने अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम मौके पर पहुंचे और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। हालांकि एक ओर जहां जयंती को लेकर भव्य आयोजन की तैयारी की गई है, वहीं दूसरी ओर मालगोदाम रोड से लेकर 35ए रेलवे फाटक तक सड़क की जर्जर स्थिति लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो चुके हैं, जिनमें आए दिन ई-रिक्शा पलटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। जहां-जहां जलभराव की समस्या है वहां जल निकासी की व्यवस्था की जायेगी। वहीं डॉ0 भीमाराव अंबेडकर जन्मोत्सव के अध्यक्ष विनोद कुमार एड0 ने बताया कि सड़क की जर्जर अवस्था के संबंध में कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है लेकिन प्रशासन ने सड़क को दुरुस्त नहीं किया।

### अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर विद्यालयों में हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**चन्दौसी।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को राजेश कुमार पब्लिक स्कूल एवं शिवशांति आदर्श जूनियर हाईस्कूल में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने कहा कि बाबा साहब एक महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने शिक्षा और संविधान के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजेश कुमार, वर्षा गर्ग, रजनी वार्ष्णेय, प्रियंका गुप्ता, ज्योति शर्मा, नेहा, खुशी, राधिका, ममता मौर्य, अलका सक्सेना, भावना, प्रियंका, निधि, पूर्वी, शहनाज, सीमा सक्सेना, स्वाति, वाणी वार्ष्णेय, हर्ष रस्तोगी, आरती, काजल, रेनू वार्ष्णेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पतंजलि योग समिति की योग कक्षाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पतंजलि योग समिति द्वारा नियमित योग कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह कक्षाएं श्री राधाकृष्ण मंदिर, बहेड़ी ब्रह्मनान के प्रांगण में प्रतिदिन प्रात: 5.00 बजे से 6.30 बजे तक संचालित हो रही हैं, जिनमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रभारी विपिन आर्य के निर्देशन में किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, वाणी और शरीर की शुद्धि का समग्र माध्यम है। योगासन, प्राणायाम और ध्यान के नियमित अभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन संतुलित बनता है।तहसील प्रभारी योगाचार्य कुलदीप कुमार के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, बंध, मुद्रा और षट्कर्म का अभ्यास कराया जा रहा है। योग कक्षाओं में शामिल लोग इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। गौरतलब है कि पतंजलि योग समिति, योग गुरु स्वामी रामदेव द्वारा स्थापित एक प्रमुख संस्था है, जो देश-विदेश में नि:शुल्क योग प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है। इस आयोजन को सफल बनाने में रविन्द्र सिंह, मयंक भारद्वाज, यादराम रूहेला, अनिल रूहेला, पं. सुरेश कुमार, प्रदीप रूहेला, विशाल शर्मा, रीना रूहेला, पं. आशाराम शर्मा और डॉ. धर्मपाल सिंह सहित अनेक लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फरहैदी विकास खण्ड कुंदरकी जिला मुरादाबाद में साप्ताहिक बाजार नीलामी पूर्व से जारी एजेण्डा के अनुसार दिनांक 17.04.2026 को प्रात: 10.00 बजे पंचायत सचिवालय पर होनी है। इच्छुक ठेकेदार नीलामी हेतु सादर आमंत्रित है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत फरहैदी**
**विकास खण्ड कुंदरकी**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0920281 का प्रमाण पत्र व अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **कुशल कुमार पुत्र छेदालाल निवासी ग्राम कुलवा डंडा बरेली बहेड़ी।**

## जुआरियों पर शिकंजा, 9 गिरफ्तार, 76,850 रुपये व ताश के पत्ते बरामद

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइन्स पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 52 ताश के पत्ते और कुल 76,850 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और आम जनता ने पुलिस की सराहना की है।यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने छापेमारी कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया।

पुलिस के अनुसार ये सभी अवैध रूप से जुआ खेल रहे थे।

## बालाजी महेंदीपुर में 3 दिवसीय बालाजी यात्रा हुई संपन्न

**ठाकुरद्वारा।** श्री बालाजी शक्तिपीठ धर्मार्थ ट्रस्ट, रामपुर बलभद्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बालाजी यात्रा के अंतिम दिन सोमवार को जिला मुरादाबाद के ग्राम पंचायत मेहंदीपुर बालाजी स्थित रानी झांसी धर्मशाला में भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने संकट मोचन आहुतियां देकर घर-परिवार की सुख-शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर ट्रस्ट की प्रमुख सेविका प्रिया यादव के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों के साथ मेहंदीपुर बालाजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यज्ञ एवं शोभायात्रा का आयोजन श्री बालाजी शक्तिपीठ धर्मार्थ ट्रस्ट की प्रमुख सेविका प्रिया यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर जसपुर के महंत राजीव कुमार राणा, कार्तिक यादव, जसपुर की महंत अनीता राणा, ट्रस्ट की अध्यक्ष ज्ञान सती देवी, रिंकी चौधरी, रेनू चौधरी, अंजली कुमारी, मान्या चौधरी, अंकुल कुमार, विपिन प्रजापति, सोमपाल सिंह, राहुल कुमार, प्रवीण कुमार, शिवम कुमार, अक्षित कुमार, प्रिंस कुमार , शानू कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय नगर पंचायत महमूदपुर माफी (मुरादाबाद)।**

**पत्रांक सं0** - 05/ न०पं० मह०मा०/2026-27 **दिनांक:**- 13.04.2026

**ई-निविदा सूचना:-**

सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत महमूदपुर माफी, मुरादाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में "पं० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना" की प्राप्त धनराशि से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 14.04.2026 को ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है कार्यों की विस्तृत सूचना एवं ई-निविदा की शर्ते बेबसाईट hhps://etender.up.nic.in व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। ई-निविदाएँ दिनांक: 14.04.2026 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक:- 04.05.2026 की शाम 05.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। प्राप्त ई-निविदाएँ दिनांक:- 05.05.2026 को कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुरादाबाद में अपरान्ह 02.00 बजे ई-निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएँगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**जनपद मुरादाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**जनपद मुरादाबाद।**

## रोलर स्केटिंग में नन्ही छात्रा ऐश चौधरी ने जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी की यूकेजी छात्रा ऐश चौधरी ने आगरा में आयोजित 'प्रथम ओपन-आगरा जोनल रोलर स्केटिंग चौंपियनशिप 2026' में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया।

उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय और जिले में खुशी की लहर है। कोच हर्ष राणा के मार्गदर्शन में ऐश ने यह सफलता पाई। चन्दौसी लौटने पर जिलाधिकारी ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या संगीता भार्गव ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# टेट प्रकरण को लेकर शिक्षकों ने मशाल जुलूस निकालकर भरी हुंकार

**कांठ( शाह टाइम्स )।** वर्ष 2011 के पूर्व नियुक्त परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों को भी टेट अनिवार्य और शिक्षा के सम्मान को लेकर प्रदेश भर में 13 अप्रैल को अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर एक विशाल ष्मशाल जुलूसष निकाला गया । जनपद स्तर पर आयोजित जुलूस के माध्यम से शिक्षकों द्वारा शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त असमानताओं और समस्याओं के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया गया। आंदोलन का नेतृत्व जिला संयोजक रोहित कुमार मिश्रा ने किया जबकि संगठन के अन्य जिला संयोजकों करन सिंह, सुदीश पाराशरी , ब्रह्म सिंह, पंकज शर्मा, मो अफजाल ने भी इसमें प्रमुख भूमिका निभाई नेताओं ने जुलूस में शामिल होने वाले शिक्षकों का आभार और धन्यवाद व्यक्त कर कहा कि उन्होंने बड़ी संख्या में जुलूस में शामिल होकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया है। जुलूस के दौरान शिक्षकों की मुख्य मांगों में टीईटी व्यवस्था को समाप्त करने, शिक्षा व्यवस्था में समान अवसर




सुनिश्चित करने तथा अनुभवी शिक्षकों को उचित सम्मान देने की बात प्रमुख रूप से उठाई गई । शिक्षकों के साथ हो रहे अन्याय को समाप्त करने की भी जोरदार मांग की गई । नेताओं का कहना है कि यह मशाल जुलूस केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि शिक्षकों के आत्मसम्मान और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस आयोजन को लेकर जिले भर के शिक्षकों में खासा उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में शिक्षकों ने हाथो में मशाल और टेट के विरोध में तख्तियां लेकर मशाल जुलूस में भागीदारी की । तख्तियों पर टेट के विरोध में नारे शिक्षक एकता - शिक्षा का सम्मान अन्याय के खिलाफ शिक्षकों की हुंकार

**टेट को समाप्त करो !**

**शिक्षकों के साथ हो रहा अन्याय बंद करो।**

जुलूस अम्बेडकर पार्क से शुरू होकर कलेक्ट्रेट जिला मुख्यालय तक पहुंचा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट के ब्लॉक अध्यक्ष और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि टेट की अनिवार्यता समाप्त होने तक इस प्रकार के विरोध प्रदर्शन / आंदोलन राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित किए जाते रहेंगे। जुलूस में ब्लॉक छजलेट से सुरेंद्र कुमार विश्नोई, घनश्याम सिंह, सुजा उलहक, पंकज दिवाकर, अशोक विश्नोई, दीपाली गुप्ता संदीप, राजवीर सिंह, आदि शिक्षक शामिल रहे।

## शिक्षा की रोशनी से निखर रहे सपने, रिजल्ट सेरेमनी में बच्चों को किया गया सम्मानित

**मुरादाबाद।** संस्था सेवा दा सर्विंग द्वारा संचालित मिशन एजुकेशन एडॉप्शन प्रोग्राम के अंतर्गत अंडरप्रिविलेज्ड बच्चों की शिक्षा के लिए पिछले छह वर्षों से निरंतर सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2025 में एडॉप्ट किए गए विद्यार्थियों की रिजल्ट डिक्लेरेशन सेरेमनी का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इनरव्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद सेंट्रल की प्रेसिडेंट मिसेज रीना अग्रवाल, सेक्रेटरी हिमानी अग्रवाल और ट्रेजरर अपूर्वा अग्रवाल मौजूद रहीं। उनके आगमन से बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। अतिथियों ने बच्चों की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर क्लब की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पांच विद्यार्थियों को स्कूल बैग प्रदान किए गए, जबकि सभी बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित की गई। इससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ नजर आया।संस्था की संस्थापिका मनुषी रस्तोगी ने इनरव्हील क्लब ऑफ मुरादाबाद सेंट्रल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सहयोग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।वहीं, प्रेसिडेंट रीना अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि उनका क्लब भविष्य में भी समाज सेवा और बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में इसी तरह सक्रिय योगदान देता रहेगा। कार्यक्रम का समापन बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना के साथ हुआ।



## बिलारी समाचार

### दहेज में ट्रैक्टर और 5 लाख की मांग को लेकर उत्पीड़न में तीन पर एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** दहेज में 5 लाख और ट्रैक्टर की मांग को लेकर किए जा रहे उत्पीड़न के बाद पुलिस ने तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना छजलैट के गांव पोटा निवासी देवेंद्र का कहना था कि 2 साल पहले उसने अपनी पुत्री रिया की शादी चांदपुर थाने के गांव बोरा निवासी रोहित पुत्र सतपाल के साथ की थी जिसमें उसने काफी दान दहेज दिया लेकिन शादी के कुछ दिन बाद से ही रोंहि. हत उसका भाई गोविंद व भाभी ममता दहेज से नाखुश होकर उसकी बेटी के साथ मारपीट करने लगे और गाली गलौज कर उसे घर से भगा दिया। आरोप है कि उक्त लोगो के द्वारा दहेज में ट्रैक्टर व 5 लाख नगद की मांग करनी शुरू कर दी। समझाने पर भी नहीं माने पीड़ित ने दामाद पर अन्य गंभीर आरोप भी लगाए और कहा कि पुत्री के विरोध करने पर सभी लोगों ने उसके साथ अक्सर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे पहली अप्रैल को सभी ने गाली गलौज कर मारपीट कर उसकी पुत्री को गांव के बाहर लाकर छोड़ दिया और कहा कि अगर मांग पूरी नहीं की तो हम तुझे जान से मार देंगे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### समाजवादी पार्टी डॉक्टर अंबेडकर का जगह-जगह मनाएगी जन्मदिवस

**कांठ ( शाह टाइम्स )** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर समा. जवादी पार्टी के सौजन्य से जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन होगा उक्त जानकारी क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को दी उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल



को भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती को पूरे सम्मान गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाना है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष सामाजिक न्याय और संविधान की मजबूती का प्रतीक है इसलिए सभी जयंती की तैयारी में जुट जाए उन्होंने कहा कि यह कोई कार्यक्रम नहीं सामाजिक जागरुकता और एकता का संदेश देने का अवसर है उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनकर भी उनके समाधान करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर फुरकान अली विक्रम सिंह यादव नाजिम सैफी अमजद अली अंजार चौधरी अरशद चौधरी मुजीब राणा आरिफ मलिक हरपाल सिंह यादव अतिकुर रहमान जमशेद अहमद जय प्रजापति डॉक्टर जुबेर मदीना अहमद आदि मौजूद रहे।

### मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाने की मांग, उपभोक्ताओं ने दी शिकायत

**बिलारी।** स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। महिलाओं ने तहसील में प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर एक महिला उपभोक्ता के घर से स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाने की मांग की। संतरेश कुमारी पत्नी गम्भीर सिंह, निवासी प्रेम विहार कॉलोनी के मकान पर पूर्व में घरेलू विद्युत कनेक्शन (संख्या: 658804987) पर पुराना मीटर लगा हुआ था। जिसे हटाकर विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिया गया। आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उपभोक्ता को लगातार विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महिला ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि स्मार्ट मीटर के चलते बिलिंग में अनियमितताएं और तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी कारण उन्होंने विभाग से पुराने मीटर को पुन: लगाने की मांग की है। ज्ञापन में संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि उपभोक्ता के घर से स्मार्ट मीटर हटाकर पहले की तरह पुराना मीटर लगाया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। वहीं, इस मामले में विद्युत विभाग बिलारी के कर्मचारियों ने असमर्थता जताते हुए हाथ खड़े कर दिए हैं। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा।

### पाकबड़ा में हज ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

**पाकबड़ा।** चेयरमैन मोहम्मद याकूब साहब के निजी कार्यालय पर हज ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाकबड़ा से हज के सफर पर जाने वाले सभी जायरीनों का इस्तकबाल किया गया।हज ट्रेनिंग प्रोग्राम में हाजी नवाब शेरी साहब ने जायरीनों को हज के दौरान बरतने वाले तरीकों और नियमों की जानकारी दी। चेयरमैन मोहम्मद याकूब साहब ने जायरीनों को हज के लिए मुबारक. बाद दी और कहा कि अल्लाह सभी का हज कबूल फरमाए, आमीन।



## भाजपा नेताओं ने किया बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**कांठ( शाह टाइम्स )** संगठन के निर्देश पर अंबेडकर जयंती से पूर्व श्री गुरु रविदास मंदिर ,कांठ पर स्थापित भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा की साफ सफाई की गई एवं बाबा साहब की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मुकेश माहेष्वरी, एस सी मोर्चा के जिलाध्यक्ष देवराज सिंह, कार्यक्रम के संयोजक , सभासद हरि सिंह, पूर्व सभासद बलवंत सिंह, सभासद पति नवनीत कुमार सहवाग, सचिन एडवोकेट, ओम प्रकाश बौद्ध आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।सभी ने बाबा साहब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं।



## राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आज सोमवार को डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश तथा शिक्षिका प्रीति, व छात्र और छात्राओं ने डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की फोटो पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश ने बोलते हुए कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव पूरे विश्व में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन को समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वभर में उनके मानवाधिकार, संविधान निर्माता व उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं ।यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता हैं। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने सभी धर्मों के लिए शिक्षा के मार्ग खोलें। उन्होंने समाज को शिक्षित बनाने के लिए जीवनपर्यंत प्रयास किया ।जिससे कि समाज शिक्षित हो और देश का विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि चाहे हम आधा पेट खाना खाए, परंतु अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं। क्योंकि शिक्षा ही स्वर्ग के द्वार खोलती है।

शिक्षा के द्वारा ही समाज में फैली कुरीतियों को दूर करके की अंधकार रुपी अज्ञानता को दूर किया जा सकता है ।और ज्ञान रूपी प्रकाश को फैलाया जा सकता है। साथ ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करके सही -गलत को परखा जा सकता है। कार्यक्रम में संजना, निशा ,शुमायला, अजमी नूरैन,शाने आलम , अरमान अनाबिया, अरिश्मा ,अनम, बुशरा कायनात जेहरा, अफीफा, अलशिफा, मरियम, मोहम्मद अहमद जीशान, अदसानी रूबीना सहित अन्य छात्र-छात्राएं तथा संजीव सिंह, पंकज आदि उपस्थित रहें।




## मिशन शक्ति में महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक, बताये हेल्पलाइन नंबर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना सोनकपुर पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया। पुलिस टीम ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों तथा आपातकालीन सहायता सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उप निरीक्षक तेजपाल शर्मा एवं महिला कांस्टेबल आशा ने महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर नोट कराये। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1090 (वीमेन पावर हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकाल. ीन पुलिस सेवा) तथा 1078 जैसे नंबरों पर तुरंत संपर्क कर सकती हैं। पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि इन हेल्पलाइन सेवाओं का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना तथा अपराधों पर प्रभावी रोक लगाना है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की परेशानी या उत्पीड़न की स्थिति में बिना झिझक इन सेवाओं का उपयोग करें। इस जागरूकता अभियान के दौरान महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में थाना सोनकपुर, जनपद मुरादाबाद की पुलिस टीम मौजूद रही और क्षेत्र की महिलाओं ने इस पहल की सराहना की।



## अंबेडकर जयंती को लेकर पुलिस अलर्ट

### जुलूस मार्गों का निरीक्षण, आयोजकों से संवाद कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** आगामी अंबेडकर जयंती के मद्देनजर बिलारी पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च और पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन-जिन स्थानों से जुलूस निकलने हैं, वहां पुलिस टीम द्वारा आयोजकों से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी आयोजकों से सहयोग की अपील की गई है ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। इस दौरान कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने रुस्तम नगर, सहसपुर, धर्मपुर कला, जलगांव सहित बिलारी नगर के प्रमुख चौराहों पर गश्त की। साथ ही सराफा बाजार में भी पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। फ्लैग मार्च में कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा और संवे. दनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस की इस सक्रियता से नगर में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है और लोगों में भरोसा बढ़ा है कि अंबेडकर जयंती का आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न होगा।



## बिलारी, ठाकुरद्वारा और कांठ के सरकारी अस्पतालों में ईसीजी सेवा शुरू

### दिल के मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर मिलेगी जांच सुविधा, समय व धन दोनों की होगी बचत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** जनपद के स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बिलारी, ठाकुरद्वारा और कांठ के सरकारी अस्पतालों में ईसीजी (ECG) सेवा शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही STEMI Care व्यवस्था को भी लागू किया जा रहा है, जिससे हार्ट अटैक के मरीजों को समय रहते उपचार मिल सकेगा। सोमवार को लगभग 11:00 बजे डिप्टी सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पहुंचकर नई शुरू हुई ईसीजी सेवा और STEMI Care व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि मरीजों को त्वरित और बेहतर सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान मशीनों की कार्यप्रणाली, मरीजों के पंजीकरण और रिपोर्टिंग प्रक्रिया की गहन समीक्षा की गई। डिप्टी सीएमओ ने निर्देश दिए कि ईसीजी जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और हर मरीज को समय से जांच एवं रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह, सीनियर फार्मासिस्ट आरपी वर्मा और धनंजय सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। सभी को मरीजों के प्रति संवेदनशील रहते हुए उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया। STEMI Care के तहत अब हार्ट अटैक (STEMI) के मरीजों की तुरंत पहचान कर उन्हें "गोल्डन ऑवर" के भीतर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। ईसीजी के माध्यम से बीमारी की शीघ्र पुष्टि कर आवश्यक दवाएं दी जाएंगी तथा जरूरत पड़ने पर मरीज को उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर किया जाएगा। ईसीजी सेवा शुरू होने से हृदय रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें जांच के लिए जिला मुख्यालय या निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। साथ ही आपात स्थिति में स्थानीय स्तर पर ही तुरंत इलाज शुरू किया जा सकेगा। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है, जिससे भविष्य में हृदय रोग से होने वाली मृत्यु दर में कमी आने की उम्मीद है।



## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की ओर से शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए "डिजिटल नेतृत्व विकसित करने में चुनौतियां और अवसर" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य उन्हें डिजिटल युग की प्रशासनिक आवश्यकताओं जैसे कि ईआरपी एवं ऑनलाइन दस्तावेजीकरण के बारे में सक्षम बनाना है। इस सत्र में स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन्स के कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष रंजन पांडेय रिसोर्स पर्सन के रूप में रहे।डॉ पांडेय ने बताया कि डिजिटल कौशल विकसित होने के फलस्वरूप कर्मचारीगण नई तकनीकों के प्रति झिझकने के बजाय उनका उपयोग सहजता से कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने कहा कि कागजी कार्यवाही में शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण का काफी समय लगता है, जबकि डिजिटल नेतृत्व के माध्यम से वे प्रशासनिक कार्यों को तेजी से निपटा सकते हैं।





Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नहीं थम रहीं धमकियां

अभी शांति वार्ता को जोकि रविवार को इस्लामाबाद में समाप्त हुई, एक दिन भी नहीं गुजरा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बंदरगाहों के नाकेबंदी की बात कर डाली। जिसके चलते ईरान का निर्यात विशेष रूप से तेल बाहर नहीं जा सकेगा। जाहिर है अमेरिका अपने इस फैसले से ईरान को आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहता है। ट्रम्प तो यह भी कह रहे हैं कि उनके इस फैसले में उनके सहयोगी भी साथ हैं। हालांकि फ्रांस, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया ने ट्रम्प के इस बयान के बाद साफ कर दिया कि वह ट्रम्प की इस योजना का हिस्सा नहीं बनने जा रहे हैं और ईरान की नाकेबंदी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यूं भी नाटो देशों ने ईरान के साथ संघर्ष में अब तक दूरी बनाई हुई है और ब्रिटेन और फ्रांस के नेता तो बराबर ईरान के नेताओं के टच में भी हैं। जाहिर है ट्रम्प की इस नई पहल से खाड़ी में फिर से तनाव बढ़ गया है और जो ट्रम्प की तरफ से ही दो हफ्ते का सीजफायर हुआ था, वह भी खतरे में पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसा लगता है कि ट्रम्प व नेतन्याहू को दुनिया की कोई चिंता नहीं रह गई है। इस युद्ध से लोगों को हो रहे नुकसान से उनका कोई लेना-देना नहीं है। भले ही वह बयान कुछ भी देते रहे हों और लोगों की चिंता की बात करते रहें। होना तो यह चाहिए था कि इस्लामाबाद में शांति वार्ता विफल होने के बाद फिर से नए सिरे से बातचीत की को. शिश होनी चाहिए थी। अभी कोई बहुत ज्यादा समय नहीं गुजरा है। पहले से ही काफी नुकसान हो चुका है और बहुत नुकसान को बचाया जा सकता है, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब संघर्षरत लोगों को सद्बुद्धि आएगी, जोकि दुर्भाग्य से आती दिखाई नहीं दे रही है। ईरान ने भी साफ कर दिया है कि यदि अमेरिका की तरफ से कोई भड़काऊ कार्रवाई होती है तो वह चुप नहीं रहेगा और जवाबी कार्रवाई में देर नहीं लगाएगा। ईरान की संसद के स्पीकर कालिबफ ने अमेरिका को चेताया है कि वह ईरान की नाकेबंदी करने का प्रयास न करें। सवाल तो यह भी है कि जहां अमेरिका यह दावा कर रहा है कि होर्मुज को बंद करने से दुनिया को काफी नुकसान हो रहा है और ईरान को ऐसा नहीं करना चाहिए, तो अब सवाल उठता है कि खुद अमे. रिका इस संबंध में क्या कर रहा है। वह भी नाकेबंदी करके दुनिया को संकट में डाल रहा है। ईरान और अमेरिका दोनों को ही समझना होगा, भले ही संघर्ष उनके बीच हो, लेकिन इसका प्रभाव पूरी दुनिया पर सीधे पड़ रहा है। इस समय यह भी देखना बेहद डरावना लग रहा है कि जहां 40 दिन के युद्ध के बाद दोनों पक्षों के रुख में कुछ नर्मी आनी चाहिए थी, वहीं और उग्रता दिखाई दे रही है और अब तो रूस और चीन की एंट्री भी इसमें होती दिखाई दे रही है, क्योंकि ट्रम्प ने चीन को सीधे चेतावनी दे डाली है कि अगर वह ईरान को हथियार देता है, तो उस पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा और अन्य विकल्पों पर भी विचार करने की बात वह कर रहे हैं। चीन ने यह कहकर पलटवार किया है कि होर्मुज तो पहले से ही खुला हुआ था, अमेरिका ने बिना वजह हमला करके इसे बंद कराया है। अभी भी समय है कि परिस्थितियों को और बिगड़ने से बचाया जाए।

## अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही



मौजूदा समय में असली चिंता महिला आरक्षण नहीं, बल्कि प्रस्तावित परिसीमन है, संसद के विशेष सत्र में जिस तरह परिस. ीमन का मुद्दा सामने आ रहा है, वह लो. कतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है, सरकार जल्दबाजी में इस विषय को आगे बढ़ा रही है, जिसके पीछे राजनीतिक लाभ लेने की मंशा हो सकती है, विपक्ष से समर्थन, तो मांगा जा रहा है, लेकिन इस अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही, विपक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक की मांग को लगातार नजरअंदाज किया गया है, 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है, हालांकि, इसके क्रियान्वयन के लिए जनगणना और परिस. ीमन जरूरी है। **-सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# आखिरकार सुनी गई आधी आबादी की आवाज



भारत की महिलाएं सदैव महान कार्यों में सक्षम रही हैं। वैदिक काल में गार्गी और मैत्रेई ने बड़े-बड़े दार्शनिकों को निरुत्तर कर दिया था। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर ने जिस न्यायपूर्ण तरीके से अपने राज्य का शासन चलाया, उसकी बराबरी उनके समकालीन शासक नहीं कर सके। रानी लक्ष्मीबाई साहस की एक अमर मिसाल बन गईं। फिर भी, स्वतंत्र भारत जो समानता के सिद्धांत पर आधारित एक संवैधानिक गणराज्य है ने इन महान महिलाओं की उत्तराधिकारियों को अपनी विधायिकाओं में शायद ही कोई जगह दी। पहली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 4.4 प्रतिशत थी। सात दशक बाद, 17वीं लोकसभा में भी यह आंकड़ा बढ़कर केवल 14।4 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया। व्यक्तिगत प्रतिभा ने तो अपनी जगह बना ली थी, लेकिन व्यवस्थागत बदलाव अभी भी नहीं आया था। असल में, महिलाएं अपने ही लोकतंत्र में एक तरह से मेहमान बनकर ही रह गईं।

हमारे संविधान ने पहले ही दिन से यह स्वीकार किया था कि जब सदियों से ढांचागत विसंगतियां जड़ जमाए बैठी हों, तो केवल औपचारिक समानता पर्याप्त नहीं होती। संरक्षणात्मक भेदभाव के सिद्धांत के तहत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और बाद में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था सफल रही है 24 मार्च 2026 तक, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों में से लगभग 49.75 प्रतिशत महिलाएं हैं। जिन जगहों पर महिलाएं शासन करती हैं, वहां पानी की आपूर्ति सुचारू होती है, साफ-सफाई की स्थिति बेहतर होती है और लड़कियां स्कूल जाना जारी रखती हैं। इसके बावजूद, संसद में भी इसी सिद्धांत को लागू करने के उद्देश्य से जो विधेयक पेश किए गए थे, वे राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में दशकों तक बार-बार निष्प्रभावी होते रहे।

**वह क्षण जिसने सब कुछ बदल दिया**

वह अधूरी कड़ी 19 सितंबर 2023 को पूरी हुई। भारत के नए संसद भवन में आयोजित कामकाज के पहले ही सत्र में, श्नारी शक्ति वंदन अधिनियमश को संसद के दोनों सदनों में, प्रत्एक राजनीतिक दल के सर्वसम्मत समर्थन से पारित किया गया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक पेश करते हुए दोनों सदनों को बतायारू ष्यह कानून केवल एक कानून नहीं है, बल्कि यह प्रत्एक भारतीय महिला की शक्ति, त्याग और सामर्थ्य के प्रति एक श्रद्धांजलि है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप-कोटा भी शामिल है। नए संसद भवन का यह पहला अधि. नियम होना अपने आप में एक घोषणा थीरू अमृत काल के लोकतंत्र की संरचना पूरे भारत के लिए और सभी की भागीदारी के साथ निर्मित की जाएगी। इस अधिनियम में बदलाव लाने की अपार क्षमता है, क्योंकि इसके लागू होने से संसद में महिला सदस्यों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। महिला विधायक निरंतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैंकृए वही क्षेत्र हैं, जहां भारत में लैंगिक असमानता सबसे अधिक है। एक ऐसी संसद, जिसमें एक-तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी, वह अलग तरह के प्रश्न पूछेगी और अलग तरह के विचार सुनेगी। इससे भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा, न कि केवल उसकी बाहरी छवि में।

**गरिमा से लोकतंत्र तक की यात्रा**

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा यह समझा है कि जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के बिना राजनी. तिक सशक्तिकरण खोखला होता है। उनके द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अत्यंत बुनियादी गरिमा से लेकर सर्वोच्च लोकतांत्रिक भागीदारी तक एक सुविचारित पथ पर आगे बढ़ती है। इसकी शुरुआत एक शौचालय से हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए 10 करोड़ घरेलू शौचालयों ने उन महिलाओं को सुरक्षा और आत्म-सम्मान लौटाया, जिन्हें लंबे समय से इन दोनों से वंचित रखा गया था। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुंचाया। महिलाओं को मीलों पैदल चलकर पानी ढो कर लाने से मुक्ति मिली जिससे उनका सुबह का कीमती समय जाया हो जाता था। पीएम उज्ज्वला योजना के 10.56 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों ने महिलाओं को धुएं से भरी रसोई से मुक्ति दिलाई। पीएम आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर घर बनाए गए। 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले जन धन खातों ने उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की। श्मुद्राश योजना के ऋण, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी, सखी, वन स्टॉप सेंटर और तीन तलाक का उन्मूलनरू प्रत्एक योजना उसी सीढ़ी का अगला पायदान थी, जो उन्हें केवल गुजारा करने की स्थिति से गरिमा की ओर, गरिमा से सामर्थ्य की ओर, और सामर्थ्य से नेतृत्व की ओर निरंतर बढ़ाती गई।

**आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण**

भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधाई प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत 2047 तक एक विकसित भारत का दृष्टिकोण इस दृढ़ विश्वास पर आधारित है कि कोई भी राष्ट्र अपनी पूरी क्षमता तक तब तक नहीं पहुंच सकता, जब तक उसके आधे नागरिक उन जगहों से बाहर रहें जहां सत्ता का संचालन होता है। जैसा कि उन्होंने हमेशा कहा है भारत तभी एक विकसित राष्ट्र बनेगा जब इसकी महिलाएं न केवल अपने घरों में, बल्कि अपनी संसद में भी पूरी तरह सशक्त होंगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय महिलाओं के लिए कुछ नया सृजन नहीं करता है।

**आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण**

भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधाई प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं।

**आर. विमला, आईएएस**
**( लेखिका महाराष्ट्र सरकार में रेजिडेंट कमिश्नर एवं सचिव पद पर कार्यरत हैं और आईआईटी बॉम्बे से पीएचडी कर रही हैं )**

# आंबेडकर को मात्र प्रतीक मत बनाइए

**दरअसल यह दलितों को उठाने की नहीं बल्कि गिराने की एक कुटिल चाल है। जो दलित सत्ता के पिछलग्गू बन राजने. ताओं की इस चाल का हिस्सा बन जाते हैं उनका स्वाभिमान अभिमान में बदल जाता है और दूसरे दलितों के प्रति उनका व्यवहार भी शोषणकारी हो जाता है। जबकि आम दलित का स्वाभिमान अपने पुराने स्तर से भी नीचे गिर जाता है। इन नारों एवं अभियानों मे एक आम दलित के हाथ कुछ नहीं लगता। आंबेडकर ने दलितों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए शुरू में मात्र दस वर्षों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी।**



**रोहित कौशिक**

इस दौर में सभी राजनीतिक दल आंबेडकर पर अपना अधिकार जताने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि सभी राजनीतिक दल महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात् न करके उन्हें मात्र प्रतीक के तौर पर इस्तेमाल कर वोट बैंक की राजनीति करने लगते हैं। विडम्बना यह है कि इस दौर में जिस तरह से प्रतीकों की राजनीति हो रही है, उसने महापुरुषों को मात्र मूर्तियों तक ही सीमित कर दिया है। इस नए माहौल में न ही तो राजनीतिक दलों को महापुरुषों के आदर्शों की चिंता है और न ही इन दलों के पीछे चलने वाली भीड़ में महापुरुषों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने की हिम्मत है। विडम्बना तो यह है कि जिस दलित वर्ग के उत्थान के लिए आंबेडकर ने अपना सारा जीवन लगा दिया, वह दलित वर्ग भी केवल आंबेडकर की पूजा तक ही सीमित रह गया। न तो दलित नेताओं ने आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात् कर दलितों में वैज्ञानिक चेतना पैदा करने की कोशिश की और न ही स्वयं दलित वर्ग आंबेडकर की मूल चेतना को पकड़ पाया। यही कारण है कि वह धर्म की रूढ़ियों मे फंसकर रह गया। दरअसल डॉ. आंबेडकर ने इस सत्य को बहुत पहले ही समझ लिया था कि जब तक दलित वर्ग अपनी शक्ति को पहचान कर सत्ता का भागीदार नहीं बनेगा, उसकी उपेक्षा होती रहेगी। यही कारण था कि उन्होंने दलितों के आरक्षण की वकालत की। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस दौर में सत्ता का भागीदार बने दलित नेताओं को वास्तव में आंबेडकर के विचारों एवं आदर्शों की चिंता है? आज हर राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल कर रहा है। यही कारण है कि आज भी आम दलित को शोषण का शिकार बनाया जा रहा है। यह विड़म्बना ही है कि आज राजनी. तिक दल आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल अपने उत्थान के लिए कर रहे हैं, न कि दलितोत्थान के लिए। सवाल यह है कि आजादी के बाद राजनेताओं ने आंबेडकर-आंबेडकर चिल्लाने और आंबेडकर के नाम पर विभिन्न परियोजनाओं का नामकरण करने के अलावा किया ही क्या है? क्या आजादी के बाद हमारे राजनेता आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात् कर पाएं हैं? क्या केवल आंबेडकर के नाम पर पार्क बना देने, उनकी मूर्तियां स्थापित कर देने और उनके विचारों को विचार-गोष्ठियों में दोहरा देने मात्र से ही हम इस दौर में आंबेडकर को प्रासंगिक बना सकते हैं? शायद नहीं। बड़ी-बड़ी रैलियां आयोजित कर पानी की तरह पैसा बहा देना आंबेडकर का सपना नहीं था। करोड़ों रुपए का हार पहनकर भव्य पंडाल में दलितों और अपने अनुयायियों लिए महाभोज आयोजित करना भी बाबा साहब की प्राथमिकताओं में नहीं था। क्या ऐसे आयोजनों से वास्तव में दलितों का स्वाभिमान जाग सकता है? शायद स्वादिष्ट भोज का आनंद लेते हुए कुछ समय के लिए उनका स्वाभिमान जाग जाए लेकिन गांव में बैठे हुए उस दलित के स्वाभिमान का क्या होगा जिसे एक जून की रोटी भी नसीब नहीं है। हमारे राजनेता कुछ हजार या लाख लोगों को भव्य भोज देने की अपेक्षा गांव के आखिरी आदमी को दो जून की रोटी देने के बारे में कब सोचेंगे ? आंबेडकर ने दलितों के जिस स्वाभिमान की बात की थी वह वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित नहीं था। इस दौर में सबसे दुखद यही है कि वोट बैंक की राजनीति के तहत दलितों के स्वाभिमान को जगाने की बात हो रही है।

आज के राजनेता जब दलितों के साथ खाना खाते हैं और दलितों के घर में ही रात गुजारते हैं तो दलितों का स्वाभिमान जागने लगता है। लेकिन जैसे ही राजनेता अपने महलों में वापस लौटते हैं, दलितों की जिंदगी पुराने ढर्रे पर लौटने लगती है। अनेक आश्वासनों के बाद जब दोबारा दलितों को पुरानी समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है तो उन्हें स्वयं महसूस होने लगता है कि यह वोट बैंक का छलावा है। राजनेताओं द्वारा दलितों का स्वाभिमान जगाने की इस खोखली प्रक्रिया से दलित अपना पुराना स्वाभिमान भी खो देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जनसेवा की नई मिसाल देता नेपाल का युवा मंत्रिमंडल

नेपाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव आया जब 27 मार्च 2026 को राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेतृत्व में बालेन शाह बलेंद्र शाह ने 36 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और 15 सदर्स्इय कैबिनेट का गठन किया। यह मंत्रिमंडल न सिर्फ नेपाल का सबसे युवा कैबिनेट है, बल्कि दक्षिण एशिया में अपनी उच्च शैक्षणिक योग्यता के लिए वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बन रहा है। इस मंत्रिमंडल के सदस्यों की औसत आयु मात्र 38.21 वर्ष है, दस मंत्री 40 वर्ष से कम उम्र के, पांच महिला मंत्री और 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों के पास स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट की डिग्री। यह आंकड़े नेपाल की राजनीति के पारंपरिक चेहरे को पूरी तरह बदल रहे हैं।

यह कैबिनेट जेन-जी आंदोलन के परिणामस्वरूप सत्ता में आई है। भ्रष्टाचार, पुरानी पार्टियों की नाकामी और युवाओं की मांगों को लेकर हुए आंदोलन ने आरएसपी को भारी बहुमत दिलाया। अब यह युवा टीम न सिर्फ नेपाल में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में दुनिया का सबसे युवा कैबिनेट और सबसे शिक्षित मंत्रिमंडल के रूप में प्रसिद्ध हो रही है। कई भारतीय अखबारों ने इसे जनरेशनल शिफ्ट करार दिया है। विश्व स्तर पर इसकी सराहना हो रही है, क्योंकि यह पारंपरिक राजनीति से हटकर योग्यता, तकनीकी विशेषज्ञता और समावेशिता पर आधारित है। यह दक्षिण एशिया का चमकता उदाहरण है, जहां भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के कैबिनेट अक्सर वरिष्ठ नेताओं पर निर्भर रहते हैं।

इस कैबिनेट की सबसे बड़ी ताकत इसकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि है। प्रधानमंत्री बालेन शाह स्वयं सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक पूर्वांचल विश्वविद्यालय और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एम.टेक (निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु, भारत) हैं। वे काठमांडू के पूर्व मेयर और लोकप्रिय रैपर भी हैं। उनकी टीम में दो डॉक्टरेट धारक और दस स्नातकोत्तर सदस्य हैं। वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वाग्ले (41 वर्ष, कैबिनेट के सबसे वरिष्ठ) अर्थशास्त्र में पीएचडी (ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी), हार्वर्ड से एमपीए/आईडी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातक हैं। वे पूर्व में यूएनडीपी के एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक सलाहकार और नेपाल की राष्ट्रीय योजना आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी विशेषज्ञता आर्थिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और सतत विकास में है। विदेश मंत्री शिशिर खनाल (47 वर्ष) अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मैडिसन से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर्स और यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिजपोर्ट से पॉलिटिकल इकोनॉमी में स्नातक हैं। वे टीच फॉर नेपाल के सह-संस्थापक हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुधार का प्रमुख अभियान है।

शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा युवा एवं खेल मंत्री सस्मित पोखरेल (29 वर्ष) कैबिनेट के सबसे युवा सदस्य हैं। वे काठमांडू विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट एवं कानून में स्नातक हैं और पॉलिसी, गवर्नेंस एवं भ्रष्टाचार-निरोध पर मास्टर्स कर रहे हैं। वे बालेन के मेयर काल में शहरी नियोजन सलाहकार रह चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता (38 वर्ष) भारत के ग्वालियर से नर्सिंग में मास्टर्स और दिल्ली के एम्स से प्रशिक्षित हैं। सामान्य प्रशासन मंत्री प्रतिभा रावल (32 वर्ष) एशियन कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म (चेन्नई) से पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा रखती हैं। श्रम मंत्री दीपक कुमार साह (34 वर्ष) लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन से पीएचडी स्कॉलर, एलएसई से हेल्थ पॉलिसी में मास्टर्स और आईओएम से पब्लिक हेल्थ में मास्टर्स रखते हैं।

महिला, बाल-बालिका एवं ज्एष्ठ नागरिक मंत्री सीता बादी (30 वर्ष) राजनीति विज्ञान में मास्टर्स हैं और बादी समुदाय की प्रतिनिधि के रूप में समावेशिता का प्रतीक हैं। कानून मंत्री सोबिता गौतम (30 वर्ष) राष्ट्रीय विधि महाविद्यालय से बीए एलएलबी हैं और संसदीय समितियों में सक्रिय रहीं हैं। भौतिक पूर्वाधार मंत्री सुनील लाम्सल (35 वर्ष) भी भारत से एमटेक (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग) हैं।

गौरतलब है कि यह योग्यताएं महज डिग्रियां नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव से जुड़ी हैं। यूएनडीपी, टीच फॉर नेपाल, आपदा राहत संगठन श्हामी नेपालश और शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में इन सभी की अहम भूमिका रही है। पांच महिला मंत्रियों का प्रतिनिधित्व और अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी जैसे सीता बादी समावेशिता को मजबूत करती है। देखा जाए तो नेपाल का यह कैबिनेट अपने पड़ोसियों से अलग दिखता है। भारत के वर्तमान केंद्रीय मंत्रिमंडल में 71 सदस्य है, जिसमें 57 सदस्य स्नातक या उससे ऊपर हैं, लेकिन 11 सदस्य मात्र 12वीं पास हैं। कई मंत्री राजनी. तिक अनुभव पर निर्भर हैं, जबकि युवा चेहरे कम हैं। वहीं चीन का मंत्रिमंडल अत्यधिक शिक्षित तकनीकी विशेषज्ञों इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र से भरा है, लेकिन उनकी औसत आयु 55-60 वर्ष के आसपास है और निर्णय प्रक्रिया केंद्रीकृत पार्टी संरचना पर आधारित है। बांग्लादेश के हालिया कैबिनेट में 46/50 सदस्य उच्च शिक्षा वाले हैं तीन पीएचडी, लेकिन वहां भी वरिष्ठता और राजनीतिक वफादारी प्रमुख है।

नेपाल का कैबिनेट इन सभी से युवा, अधिक समावेशी और योग्यता-आधारित है। भारत और चीन की तुलना में यहां भ्रष्टाचार-विरोधी (डिलीवरी बेस्ड गवर्नेंस) पर जोर है, जो पड़ोसियों में अक्सर कम देखा जाता है। हालांकि,कुछ विश्लेषक चेताते हैं कि इस मंत्रिमंडल के पास अनुभव की कमी एक चुनौती है। भारत की तरह बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था या चीन की तरह दीर्घकालिक नियोजन यहां अभी संभव नहीं, लेकिन पारदर्शिता और तेज निर्णय लेने की क्षमता नेपाल को लाभ दे सकती है। केवल दो सप्ताह पुरानी यह सरकार पहले ही 100 सूत्री शासन सुधार एजेंडा लागू कर चुकी है। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्रालयों का पुनर्गठन, दक्षिण एशिया संघर्ष के प्रभाव से नेपाली प्रवासियों की सुरक्षा, 'कार्की आयोग' रिपोर्ट पर कार्रवाई और संविधान संशोधन पर चर्चा पत्र तैयार करने जैसे कदम उठाए गए। शिक्षा मंत्री सस्मित पोखरेल ने पार्टी-आधारित छात्र संगठनों को समाप्त करने और स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता ने निजी अस्पतालों में 10 प्रतिशत मुफ्त बेड सुनिश्चित करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले आर्थिक स्थिरता, पर्यटन विकास और बुनियादी ढांचे पर ध्यान



**विनीत नारायण**

दे रहे हैं। श्रम और स्वास्थ्य मंत्रियों की स्वास्थ्य नीति विशेषज्ञता गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन में मदद करेगी। विदेश मंत्री शिशिर खनाल की पॉलिसी विशेषज्ञता नेपाल की कूटनीति को मजबूत करेगी।युवा बेरोजगारी घटाने, शिक्षा गुणवत्ता सुधारने, स्वास्थ्य पहुंच बढ़ाने और भ्रष्टाचार रोकने के प्रयास पहले ही दिख रहे हैं। दैनिक प्रगति निगरानी प्रणाली लागू कर सरकार जवाबदेही सुनिश्चित कर रही है। हालांकि, चुनौतियां यहां भी हैं, जैसे कि पहाड़ी इलाकों में पहुंच, संसाधन सीमाएं और पुरानी पार्टियों का विरोध। फिर भी, यह कैबिनेट जनता की उम्मीदें पूरी करने की राह पर है।

कुल मिलाकर देखा जाए तो नेपाल का यह 'जेन-जी' कैबिनेट न सिर्फ दक्षिण एशिया के लिए मिसाल है, बल्कि विकासशील देशों को सिखाता है कि योग्यता और युवा ऊर्जा राजनीति को बदल सकती है। यदि यह टीम अपने100 सूत्री एजेंडा को ईमानदारी से लागू कर पाई, तो नेपाल आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय और सुशासन का नया मॉडल बन सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिटेन होर्मुज की नाकाबंदी में शामिल नहीं होगा

## ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर ने कहाः ईरान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाली किसी भी कार्रवाई को समर्थन नहीं देंगे

**लंदन/अंकारा/कैनबरा।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उनका देश ईरान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाली किसी भी नौसैनिक नाकेबंदी में शामिल नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिटेन को ईरान के साथ युद्ध में नहीं घसीटा जाएगा। स्टार्मर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को नौवहन के लिए पूरी तरह खुला रखना उनकी प्राथमिकता है, क्योंकि इसके बंद होने से वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हो रहे हैं और लोगों के लिए बिजली-गैस के बिल बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह हमारा युद्ध नहीं है और हम इसमें नहीं फंसेंगे। इसी तरह, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी कहा कि उन्हें अमेरिका से नाकेबंदी में शामिल होने का कोई अनुरोध नहीं मिला है और वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून के सम्मान के पक्ष में हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने कहा है कि अमेरिका ने होर्मुज़ जलडमरूमध्य की नाकेबंदी में सहयोग के लिए कोई अनुरोध नहीं किया है और यह घोषणा एकतरफा तरीके से की गई है। उन्होंने कहा हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य सभी देशों के लिए खुला रहना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जानी चाहिए। अल्बानीज़ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया वैश्विक ईंधन आपूर्ति बनाए रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्रीय तनाव के समाधान के लिए वार्ता फिर से शुरू होनी चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने घोषणा की है कि वह ईरानी बंदरगाहों में आने-जाने वाले समुद्री यातायात की नाकेबंदी शुरू करेगा। अल्बानीज़ ने कहा कि हम चाहते हैं कि बातचीत जारी रहे और फिर से शुरू हो। हम इस संघर्ष का अंत देखना चाहते हैं।

हम चाहते हैं कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य सभी के लिए खुला रहे। हम यह भी चाहते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता बनी रहे।ष ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री 14 से 17 अप्रैल के बीच ब्रुनेई और मलेशिया की यात्रा करेंगे, जहां ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर चर्चा होगी। यह यात्रा ऊर्जा, उर्वरक और अन्य ज़रूरी सामानों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय साझेदारों के साथ सहयोग करने के ऑस्ट्रेलिया के चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। अल्बानीज़ ब्रुनेई में सुल्तान हाजी हसनल बोल्कियाह से मिलकर ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और ज़रूरी चीज़ों के व्यापार पर चर्चा करेंगे। ब्रुनेई ऑस्ट्रेलिया के डीज़ल आयात का नौ प्रतिशत और फर्टिलाइज़र-ग्रेड यूरिया का 11 प्रतिशत हिस्सा देता है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ब्रुनेई को खाद्य और कृषि उत्पादों का एक अहम सप्लायर बना हुआ है। वह मलेशिया में ईंधन की आपूर्ति और अन्य ज़रूरी सामानों पर चर्चा करने के लिए दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम से मुलाक़ात करेंगे। मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया के लिए रिफाइंड ईंधन का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है और उर्वरक-ग्रेड यूरिया के आयात का 10 प्रतिशत हिस्सा यहीं से आता है। विदेश मंत्री, सीनेटर पेनी वोंग, इन यात्राओं के दौरान अल्बानीज़ के साथ रहेंगी। इस बीच, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ़ ने नाकेबंदी की चेतावनी को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिकी जल्द ही मौजूदा ईंधन कीमतों को याद करेंगे।



■ अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी में सहयोग के लिए अनुरोध नहीं किया: आस्ट्रेलिया
■ हम चाहते हैं कि बातचीत जारी रहे और फिर से शुरू हो हम इस संघर्ष का अंत देखना चाहते हैं: अल्बानीज

### रणनीतिक जल क्षेत्र या तो सबके लिए सुरक्षित होंगे या किसी के लिए भी नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों की सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ, तो क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने अमेरिकी नाकेबंदी को 'समुद्री डकैती' करार देते हुए कहा कि ए रणनीतिक जल क्षेत्र 'या तो सबके लिए सुरक्षित होंगे या किसी के लिए भी नहीं।' इस बीच, तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने उम्मीद जताई कि होर्मुज जलडमरूमध्य का मुद्दा निकट भविष्य में कूटनीतिक रास्तों से सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि इसके विनियमन (रेगुलेशन) में कुछ बदलाव संभव हैं। उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए मौजूदा युद्धविराम को 45 से 60 दिनों के लिए बढ़ाने का सुझाव भी दिया।

### जापान ने होर्मुज में माइनस्वीपर तैनाती का फैसला टाला

**टोक्यो।** समुद्र के नीचे बिछे बारूद को साफ कराने के लिए तत्पर दिख रही जापान सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। जापान ने माइनस्वीपर भेजने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। चीफ कैबिनेट सेक्रेटरी मिनोरू किहारा ने कहा कि जापान ने अभी तक होर्मुज स्ट्रेट में माइन-स्वीपिंग अभियान के लिए अपने समुद्री आत्मरक्षा बल (मेरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स, यानी जेएमएसडीएफ) को तैनात करने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। हालात पर नजर बनाए हुएं है और आगे का फैसला स्थिति के अनुसार लिया जाएगा। किहारा ने मीडिया को बताया कि जापान दोनों पक्षों के बीच एक पूरी समझ की दिशा में आगे बढ़ने की अपील कर रहा है।

# रूस ले जाएगा ईरान का यूरेनियम!

**मास्को।** ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव काफी बढ़ गया है। इस बीच रूस ने भविष्य में होने वाली शांति वार्ता के लिए एक नया प्रस्ताव पेश किया है। क्रेमलिन ने सोमवार को जानकारी दी कि रूस अमेरिका के साथ किसी भी संभावित शांति समझौते के तहत ईरान का संवर्धित यूरेनियम (**enriched uranium**) अपने पास रखने के लिए तैयार है।

बता दें कि ईरान और अमेरिका के बीच पिछले हफ्ते हुई बातचीत नाकाम रही। इससे युद्ध को तुरंत खत्म करने की उम्मीदें टूट गई हैं। फरवरी के आखिर में शुरू हुए इस युद्ध में अब तक हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस संघर्ष की वजह से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था भी संकट में है। रूस के पास दुनिया में परमाणु हथियारों का सबसे बड़ा भंडार है। उसने शांति समझौते के लिए कई बार ईरान का यूरेनियम अपने यहां रखने की पेशकश की है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने यह प्रस्ताव अमेरिका और क्षेत्र के अन्य देशों के सामने रखा था। उन्होंने साफ किया कि यह प्रस्ताव आज भी लागू है, लेकिन अब तक किसी ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया है। इसी बातचीत के दौरान क्रेमलिन ने डोनाल्ड ट्रम्प की उस धमकी की कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी करने की बात कही थी। यह जलमार्ग व्यापार के लिए बहुत जरूरी है। फरवरी के आखिर में अमेरिका और इजरायल ने जब से ईरान पर हमले शुरू किए हैं, तब से यह रास्ता पूरी तरह ठप पड़ा है।



■ होर्मुज तनाव के बीच पुतिन का बड़ा दांव शांतिवार्ता के लिए पेश की ये योजना

# ईरान को नई शर्तों व प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा



■ सहमति के बहुत करीब होने के बावजूद बदलती शर्तों और प्रतिबंधों को हमारे समक्ष लाया गया: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद वार्ता की विफलता के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि 'बदलती शर्तों और प्रतिबंधों' को हमारे सामने रखा गया।

अराघची ने सोमवार को 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि वार्ता के दौरान सहमति के बहुत करीब होने के बावजूद बदलती शर्तों और प्रतिबंधों को हमारे समक्ष लाया गया। अराघची ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि कोई सबक नहीं सीखा गया। सद्भावना से सद्भावना पैदा होती है और शत्रुता से शत्रुता। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि 47 वर्षों में उच्चतम स्तर की गंभीर वार्ता में, ईरान ने युद्ध को समाप्त करने के लिए नेक नीयत के साथ अमेरिका के साथ बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि लेकिन जब हम 'इस्लामाबाद सहमति पत्र' से केवल कुछ ही दूर थे, तो हमें बदलती शर्तों और प्रतिबंधों सामना करना पड़ा।

### ईरान में अमेरिकी कार्रवाई की आलोचनाः ट्रम्प ने पोप पर साधा निशाना

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पोप लियो चौदहवें पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे धर्मगुरु की आवश्यकता नहीं है जो उनकी नीतियों का विरोध करते हों। पोप ने ईरान में अमेरिका के कदमों की आलोचना की है। विशेष रूप से, उन्होंने ईरानी लोगों के विरुद्ध अमेरिकी धमकियों को अस्वीकार्य बताया। अप्रैल की शुरुआत में अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने सैन्य कर्मियों के लिए प्रार्थना के आह्वान किया था, जिसके बाद पोप ने एक प्रवचन में कहा था कि प्रभुत्व जमाने की इच्छा ईसा मसीह के मार्ग के अनुरूप नहीं है। अमेरिकी नेता ने 'ट्रुथ सोशल' पर कहा कि मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए जिसे लगता हो कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना ठीक है। मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए जिसे अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला करना भयानक लगता हो।

# हिजबुल्लाह लेबनान-इजरायल के बीच वार्ता का विरोधी

## लेबनान और इजरायली दुश्मन के बीच सीधी बातचीत को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं: कीमती

**बेरुत।** हिजबुल्ला की राजनीतिक परिषद के उपाध्यक्ष महमूद कोमती ने कहा कि हिजबुल्लाह लेबनान और इजरायल के बीच सीधी बातचीत का विरोध करता है और उसे इनसे किसी सकारात्मक परिणाम की उम्मीद नहीं है। कोमती ने रूसी समाचार एजेंसी 'स्पुतनिक' से कहा कि लेबनान में संघर्षविराम ईरान की वजह से हुआ है।

हमें लेबनान के संबंध में वार्ता से सकारात्मक परिणामों की उम्मीद नहीं है। हम लेबनान और इजरायली दुश्मन के बीच सीधी बातचीत को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं और इसे बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करते हैं। हिजबुल्लाह के नेतृत्व के अनुसार, ईरान के कड़े रुख ने ही अमेरिका और इजरायल को लेबनान में संघर्षविराम वार्ता के लिए सहमत होने पर मजबूर किया। इस बीच, अमेरिका और इजरायल की स्थिति को इस तरह पेश करने की कोशिश कर रहे हैं जैसे कि वे इन वार्ताओं के सूत्रधार हों। कोमती ने बताया कि इस दिशा में दबाव इस तथ्य से उपजा है कि इजरायल न तो लेबनान और न ही लेबनानी देश को मान्यता देता है और अचानक आज, इजरायल लेबनान के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गया। यह ईरान की बदौलत हुआ है, जो ईरान की इजरायल और अमेरिका पर जीत का परिणाम है। इसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेबनानी राज्य में अधिकार बहाल करने के लिए प्रेरित किया ताकि लेबनान में संघर्षविराम ईरानी प्रयासों का परिणाम न लगे। सऊदी प्रसारक 'अल हदथ' ने एक आधिकारिक लेबनानी स्रोत के हवाले से खबर दी है कि लेबनान-इजरायल वार्ता मंगलवार को होगी। अमेरिका ने लेबनान को गारंटी दी है कि बातचीत शुरू होने से पहले इजरायल बेरुत पर बमबारी नहीं करेगा। महमूद कोमती ने यह भी कहा कि लेबनान सरकार का हिजबुल्ला के खिलाफ रुख देश में आंतरिक विभाजन पैदा कर सकता है और देश को अराजकता में धकेल सकता है। कोमती ने रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक को बताया कि इजरायल के खिलाफ लड़ाई में समूह का समर्थन करने वाली जनता के दबाव से सरकार भी बदल सकती है। उन्होंने कहा कि आज हम स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शन देख रहे हैं जो जनमत को व्यक्त करते हैं। हम हर स्थिति के लिए तैयार हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार अपनी नीतियों और अपने रुख के कारण खुद को एक गंभीर मुश्किल में धकेल देगी, जिससे उसका पतन हो जाएगा। जब कोमती से पूछा गया कि क्या जनता का आक्रोश लेबनान में सरकार बदलने के उद्देश्य से व्यापक विरोध प्रदर्शनों का रूप ले सकता है, तो उन्होंने उल्लेख किया कि 'सभी विकल्प संभव हैं।' प्रवक्ता के अनुसार, समस्या यह है कि सरकार हिजबुल्ला और प्रतिरोध का सम्मान नहीं कर रही है।



■ कहा: लेबनान सरकार का हिजबुल्ला के खिलाफ रुख देश में आंतरिक विभाजन पैदा कर सकता है

### हिज्बुल्लाह को मध्य पूर्व संघर्ष के समाधान में रूस की भूमिका की है उम्मीद

**बेरुत।** हिज्बुल्लाह के राजनीतिक परिषद के उप प्रमुख महमूद कोमाती ने बताया कि हिज्बुल्लाह को उम्मीद है कि रूस, जिसके ईरान सहित मध्य पूर्वी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, इस क्षेत्र में संघर्ष के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कोमाती ने कहा कि आज, रूस, ईरान के साथ अपने संबंधों और क्षेत्रीय स्तर पर कई अरब देशों और लेबनान के साथ अपने निष्ठापूर्ण संबंधों के कारण, एक भूमिका निभा सकता है और हम इसकी उम्मीद करते हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से, संयुक्त राज्य अमेरिका रूस की किसी भी भूमिका में बाधाएं और रुकावटें पैदा कर रहा है। इस बीच, आज अमेरिका और विशेष रूप से (राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रम्प, ईरान को प्रभावित करने और युद्धविराम हासिल करने के लिए रूस की ओर रुख कर रहे हैं।





मिर्जापुर। दिवंगत दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित करती छात्राएं।

### अमेरिका में यू वीजा के लिए धोखाधड़ी के आरोप में 10 भारतीय नागरिक दोषी

**बोस्टन।** अमेरिका के बोस्टन में एक संघीय ग्रैंड जूरी ने 10 भारतीय नागरिकों को सुविधा स्टोरों में फर्जी सशस्त्र डकैती के मामले में दोषी ठहराया है। इन डकैतियों का मकसद स्टोर क्लर्कों को आव्रजन आवेदनों में पीड़ित के रूप में फर्जी दावा करने की अनुमति दिलाना था। आरोपियों पर मार्च 2026 में आरोप लगाए गए थे। अभियोग पत्र में प्रत्येक प्रतिवादी पर वीजा धोखाधड़ी करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है जिसके लिए अधिकतम पांच साल की जेल, तीन साल की निगरानी में रिहाई और 250000 डॉलर का जुर्माना हो सकता है। मैसाचुसेट्स स्थित अटॉर्नी कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, सजा पूरी होने के बाद सभी को देश से निकाला जा सकता है।

### सुरक्षा परिषद में रूस व चीन के प्रस्ताव पर जमीनी स्थिति के अनुसार चर्चा होगी: रूस

**मास्को।** पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए रूस और चीन की ओर से प्रस्तावित संकल्प पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में मतदान की तारीख वहां की जमीनी स्थिति के आधार पर तय की जाएगी। रूस के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले, रूस और चीन ने प्रस्ताव दिया था कि सुरक्षा परिषद पश्चिमी एशिया की वर्तमान स्थिति पर एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव पर विचार करे, जिसमें समुद्री सुरक्षा के पहलुओं को भी शामिल किया जाए। रूस के विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय संगठन विभाग के निदेशक किरिल लोग्विनोव ने स्पूतनिक से कहा कि बैठक में हमने अपने चीन के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने के पक्ष में एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव की घोषणा की है। इस पर मतदान की तिथि जमीनी हालात को देखते हुए निर्धारित की जाएगी।

# रूस ने की ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की आलोचना

## पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है

**मॉस्को।** रूस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के फैसले की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे वैश्विक बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को प्रभावित करती रहेगी और इसके आर्थिक परिणाम दीर्घकालिक हो सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। पेस्कोव ने बताया कि ईरान के यूरेनियम को अपने पास रखने के रूस के प्रस्ताव अब भी जारी हैं और मॉस्को इस दिशा में सहयोग के लिए तैयार है। इसके अलावा, मीडिया रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि रूस, ईरान को अमेरिकी सेना की तैनाती से जुड़ी खुफिया जानकारी देने के साथ-साथ यूक्रेन में अपने संघर्ष से हासिल की गई ड्रोन से जुड़ी उन्नत रणनीतियां भी साझा कर रहा है। इन दावों की आधिकारिक तौर पर अभी तक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ये दावे पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सामने आए हैं। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्षेत्रीय नेताओं से बातचीत कर कूटनीतिक समाधान की संभावनाओं पर जोर दिया है। राष्ट्रपति के सहयोगी निकोलाई पत्रुशेव ने नाटो पर 'सी शील्ड 2026' अभ्यास के जरिए काला सागर क्षेत्र में सैन्य ढांचे का विस्तार करने का आरोप लगाया है। पत्रुशेव ने कहा कि रूस का मुकाबला करने के उद्देश्य से किए जा रहे इन युद्धाभ्यासों के लिए रोमानिया को मुख्य आधार के तौर पर चुना गया है जो नाटो की क्षेत्रीय स्थिति को लेकर रूस की बढ़ती चिंता का संकेत है। पुतिन ने मॉस्को में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बातचीत के दौरान, विश्वास व्यक्त किया कि हालिया उतार-चढ़ावों के बावजूद दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को स्थिर करने और उसका विस्तार करने में सक्षम होंगे। वहीं, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बैठक में पुतिन ने ऊर्जा, अंतरिक्ष, कृषि और फार्मा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात कही।





■ पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है

# पाकिस्तान को 46500 करोड़ की मदद देंगे सऊदी-कतर

## इससे यूएई का 29000 करोड़ कर्ज चुकाएगा, पैसे लौटाने के लिए सिर्फ 11 दिन बाकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को सऊदी अरब और कतर से 5 अरब डालर (लगभग 46500 करोड़ रुपये) की वित्तीय मदद मिलेगी। यह मदद ऐसे समय में आ रही है, जब देश को इस महीने के अंत तक यूएई को 3.5 अरब डालर (लगभग 29000 करोड़ रुपये) चुकाने हैं। डान की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है।

यूएई ने हाल ही में कर्ज रोलओवर की नीति में बदलाव किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने अप्रैल तक यूएई का 3.5 अरब डालर का कर्ज चुकाने का फैसला किया। तय शेडयूल के मुताबिक 23 अप्रैल तक पाकिस्तान को इस कर्ज की आखरी किस्त देनी है। इसका मतलब कर्ज चुकाने के लिए सिर्फ 11 दिन का समय बाकी है। इसके अलावा, अप्रैल में पाकिस्तान को कुल करीब 4.8 अरब डालर चुकाने हैं, जिसमें एक बड़ा बान्ड भी शामिल है। आईएमएफ ने पाकिस्तान की खराब आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए 3 साल का प्रोग्राम शुरू किया है, जिसके तहत उसे करीब 7 अरब डालर की मदद मिलेगी। इसके बदले आईएमएफ ने शर्त रखी है कि पाकिस्तान के बड़े कर्जदाता सऊदी अरब, चीन और यूएई अपने कर्ज के पैसे 3 साल तक तक पाकिस्तान में ही रखेंगे, यानी वे पैसा वापस नहीं निकालेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आगे चलकर कतर, यूएई की जगह ले सकता है। यूएई ने हाल में कर्ज रोलओवर की नीति बदलकर शार्ट-टर्म एक्सटेंशन शुरू कर दिया है, जिससे पाकिस्तान पर जल्दी भुगतान का दबाव बढ़ा। इसके बाद पाकिस्तान ने यूएई का 3.5 अरब डालर यानी करीब 29,000 करोड़ रुपये का कर्ज 11, 17 और 23 अप्रैल को अलग-अलग किस्तों में लौटाने का फैसला लिया। ये फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार का बड़ा हिस्सा पहले ही दूसरे देशों की मदद पर टिका है। कर्ज पाकिस्तान को अलग-अलग समय पर मिला था। यूएई ने 2018 में 2 अरब डालर का लोन दिया था, जिसे बार-बार बढ़ाया गया। 2023 में 1 अरब डालर और दिया गया था, ताकि पाकिस्तान आईएमएफ की शर्तें पूरी कर सके। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच साझेदारी काफी समय से चल रही है। इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री औरंगजेब ने इस्लामाबाद में सऊदी के वित्त मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल्ला अल-जादान से मुलाकात की थी।



■ पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है

### ट्रम्प-पुतिन के समर्थन के बावजूद हंगरी में चुनाव हारे आर्बन

**बुडापेस्ट।** विक्टर आर्बन हंगरी का प्रधानमंत्री चुनाव हार गए हैं। वे 16 साल से सत्ता में थे। विपक्षी तिस्जा पार्टी के पीटर मग्यार अगले प्रधानमंत्री बनेंगे। मग्यार पहले आर्बन की पार्टी फिदेस से जुड़े थे, लेकिन पार्टी में भ्रष्टाचार के खिलाफ उनसे अलग हो गए थे।

आर्बन दुनिया के गिने-चुने नेताओं में हैं, जिनकी करीबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से है। इस बार के चुनाव में करीब 80 प्रतिशत रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। नतीजों को बड़े राजनीतिक उलटफेर के रूप में देखा जा रहा है। इसका असर यूरोप और ग्लोबल राजनीति पर पड़ेगा। शुरुआती नतीजों में तिस्जा पार्टी ने 199 में 138 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, आर्बन की फिदेस पार्टी को सिर्फ 55 सीटें ही मिली हैं। तिस्जा को करीब 53 प्रतिशत और फिदेस को करीब 37 प्रतिशत वोट मिले। इन चुनाव नतीजों के बाद हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में देर रात तक जश्न चलता रहा। डेन्यूब नदी किनारे हजारों लोग जुटे। कारों के हार्न, झंडे और नारेबाजी के बीच जश्न चलता रहा। कई जगह लोगों ने रूसियों घर जाओ जैसे नारे लगाए।

■ 16 साल बाद सत्ता से बाहर, पुराने साथी पीटर मग्यार भारी बहुमत से जीते

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108